RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 21 अंक » 193

टोंक » सोमवार » 16 फरवरी, 2026

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय

खबरों की दुनिया

बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री की शपथ 17 को

## पीएम मोदी को भी न्योता लेकिन वे नहीं जाएंगे, लोकसभाध्यक्ष जाएंगे




**लंबे** विवादों और अस्थिरता के माहौल के बाद बांग्लादेश की जनता ने बीएनपी पार्टी को बहुमत देकर सत्ता तक पहुंचा दिया। बीएनपी की जीत में बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दूओं का बड़ा हाथ है। वर्तमान सरकार के अत्याचारों से तंग आकर उन्होंने एक तरफा वोटिंग बीएनपी के पक्ष में की थी। बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री के परिवार ने 20 साल बाद सत्ता में वापसी की है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं को इस समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस समारोह में भारत की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी रहेंगे। विगत दिनों लोकसभाध्यक्ष के प्रति अविश्वास प्रस्ताव लाने से उन्होंने संसद में आना छोड़ दिया था। लोकसभाध्यक्ष को पुनः चर्चा में लाने के लिए प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश की नई सरकार के शपथ ग्रहण के लिए उन्हें चुना है। वर्ना वे चाहते तो विदेशमंत्री या अन्य किसी मंत्री को भी भेज सकते हैं।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

### पीएम मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी थी

इससे पहले पीएम मोदी और रहमान के बीच पहली फोन बातचीत हुई। मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए साथ काम करने को उत्सुक हैं। बीएनपी ने एक्स पर एक पोस्ट में मोदी के बधाई संदेश के लिए धन्यवाद दिया। पार्टी ने कहा, 'हम भारत के साथ रचनात्मक तरीके से जुड़ने को तैयार हैं। हमारा रिश्ता आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि की साझा प्रतिबद्धता से आगे बढ़ेगा।'

### सार्क सदस्य देशों को न्योता देने की तैयारी में बांग्लादेश

बांग्लादेश ज्यादातर सार्क सदस्य देशों के नेताओं को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। सार्क पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पहल पर शुरू हुआ था। जिया, तारिक के पिता थे। इसके अलावा चीन, मलेशिया, सऊदी अरब और तुर्किये जैसे मित्र देशों के प्रमुखों को भी बुलाने की तैयारी है। तारिक रहमान ने कहा कि उनकी सरकार की विदेश नीति बांग्लादेश के लोगों के हितों की रक्षा पर केंद्रित होगी और यह किसी एक देश पर आधारित नहीं होगी।

### रहमान बोले- सार्क को फिर एक्टिव करने की कोशिश करेंगे

बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान ने पहली बार मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि सार्क की शुरुआत बांग्लादेश ने की थी, इसलिए वे इसे फिर से शुरू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद वे दूसरे देशों से बात करेंगे और संगठन को दोबारा एक्टिव करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि देश में कानून-व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाएगी। शांति और सुरक्षा बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून सभी पर बराबर लागू होगा। तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा।

# यह बजट मजबूरी नहीं, 'हम तैयार हैं' वाला पल : पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा कहा- 38 देशों से एफटीए पर बातचीत जारी, राजनीतिक स्थिरता से निवेशकों का भरोसा बढ़ा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि इस साल का बजट देश के विकसित भारत बनने के लक्ष्य को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया फैसला या 'अभी नहीं तो कभी नहीं' जैसा पल नहीं, बल्कि 'हम तैयार हैं' वाला पल है, जो तैयारी और आत्मविश्वास से पैदा हुआ है।

यह बजट सिर्फ 2026 का नहीं, बल्कि 21वीं सदी के दूसरे चरण की शुरुआत का बजट है। जैसे 1920 के दशक के फैसलों ने 1947 की आजादी की नींव रखी, वैसे ही आज के फैसले 2047 के विकसित भारत की नींव रखेंगे।

उन्होंने कहा कि आर्थिक ताकत और स्थिर नीतियों से भारत बेहतर शर्तों पर समझौते कर पा रहा है। भारत 38 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर काम कर रहा है। एफटीए का मकसद टेक्सटाइल, लेदर और अन्य सेक्टर्स के MSMEs को नए बाजार और निर्यात के अवसर देना है।

मोदी ने यूपीए के समय के आर्थिक मिसमैनेजमेंट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूपीए राज में बातचीत शुरू होती थी और फिर टूट जाती थी। लंबी बातचीत के बावजूद कोई खास नतीजा नहीं निकला।

सरकार देश की डिफेंस फोर्सेज को मजबूत बनाने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगी। डिफेंस बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण सरकार की जिम्मेदारी है।भारत को हर समय मजबूत और तैयार रहना होगा, और हम यही कर रहे हैं। सरकार अपने सैनिकों की भलाई को लेकर बहुत सेंसिटिव है।

पीएम ने कहा कि सुधार सरकार का कमिटमेंट है, जिसे उसने पूरी तरह से दिखाया है। आर्थिक बदलाव के अगले फेज के लिए प्राइवेट सेक्टर बहुत जरूरी है। प्राइवेट सेक्टर को मार्जिन बचाने पर कम ध्यान देना चाहिए और R&D सप्लाई चेन, क्वालिटी में तेज़ी से इन्वेस्ट करना चाहिए। विकसित भारत की अगली छलांग प्राइवेट सेक्टर द्वारा इनोवेशन, लॉन्ग-टर्म कैपेसिटी, ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस में बड़े इन्वेस्टमेंट पर निर्भर करेगी। जैसे-जैसे प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी, प्राइवेट सेक्टर के मालिकों को अपने फायदे वर्कर्स के साथ सही तरीके से शेयर करने चाहिए।

भारत दुनिया में एक डिजिटल लीडर है, जो यूपीआई प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों के लेन-देन के तरीके में बड़े सुधारों से मुमकिन हुआ है। डेटा सेंटर हमारे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर जॉब क्रिएटर होंगे। हम पूरी दुनिया का डेटा भारत में आने के लिए बुलाते हैं। भारत कंप्यूटिंग पावर और डेटा सेंटर इंफ्रा कैपेसिटी को बढ़ाकर एक बढ़ते एआई इकोसिस्टम की नींव रख रहा है। जबकि रिफॉर्म एक्सप्रेस ने बहुत बड़ी तरक्की की है। अगले दशक के लिए स्ट्रक्चरल रिफॉर्म, डीप इनोवेशन और आसान गवर्नेंस तीन रिफॉर्म प्रायोरिटी हैं। मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि महिलाओं की भलाई हमारी सरकार के हर फैसले को गाइड करती है। मेरा मानना है कि विकसित भारत बनाने में महिलाएं सबसे अहम भूमिका निभाएंगी। एफवाई 26-27 के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का कैपेक्स 2013 के लेवल से पांच गुना ज्यादा है, जिसमें शॉर्ट-टर्म पॉपुलिज्म के बजाय प्रोडक्टिव खर्च को प्रायोरिटी दी गई है।

## जो बेईमानी करना जाने, वो राजनेता है, वो मैं नहीं हूं : किरोड़ी लाल मीणा

खबरों की दुनिया



**सवाई माधोपुर।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने राजनीति का मतलब बताते हुए कहा कि बेईमानी करना जाने, वो राजनेता है। पापी, मन से बेईमान, वो मैं नहीं हूं।

किरोड़ी ने कहा- अभिमन्यु चक्रव्यूह में घुस तो गया, लेकिन निकलना नहीं सीखा। मैं चक्रव्यूह में घुस तो जाता हूं टिकट लेकर। लेकिन निकलने की विद्या जनता जर्नादन सिखाती है। ऐसे-ऐसे षड्यंत्र हुए हैं कि मैं सफल नहीं हो सकता था।

उन्होंने कहा- मैं एमएलए, मंत्री बनने का कभी घमंड नहीं पालता। अहंकार से दूर रहता हूं। कभी-कभी गुस्सा आ जाता है तो डांट देता हूं।

डॉ. किरोड़ी रविवार को सवाई माधोपुर के इटावा गांव में हुए पद दंगल समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा- मैं आरक्षण का बाल भी बांका नहीं होने दूंगा।

### ग्रामीणों ने हाथी पर बैठाया तो कहा- यह अच्छा संकेत

समारोह से पहले ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। डॉ. किरोड़ी को हाथी पर बैठाया और करीब एक किलोमीटर दूर पद दंगल आयोजन स्थल तक लेकर आए। इस दौरान जेसीबी से फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया।

डॉ. किरोड़ी ने कहा कि हाथी पर चढ़ गया हूं। अब हाथी पर चढ़ने का संकेत तो अच्छा ही होता है। हालांकि मुझे डर था कि कहीं हाथी पागल नहीं हो जाए।

कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के भी निर्देश दिए।

कार्यक्रम से पहले कृषि मंत्री ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। उन्होंने कहा- सवाई माधोपुर में 150 करोड़ रुपए की लागत से अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी। वहीं, 220 करोड़ रुपए की लागत से लटिया नाले का विकास कराया जाएगा।

उन्होंने बजट को राजस्थान के चहुंमुखी विकास का बजट बताया। उन्होंने कहा- सवाई माधोपुर के जडावता गांव को 75 करोड़ रुपए का राहत पैकेज मिला है। इससे बनास नदी पर प्रोटेक्शन वॉल तैयार करने का प्रावधान किया है।

## एयरपोर्ट पर महिला पैसेंजर को कुत्ते ने काटा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर कुत्ते ने महिला पैसेंजर को काट लिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके पैर से खून बहने लगा। महिला को इलाज के लिए एयरपोर्ट से हॉस्पिटल लेकर गए। घटना रविवार दोपहर करीब 2:20 बजे की है।

एयरपोर्ट मैनेजमेंट ने बताया कि महिला दिल्ली से जयपुर आई थी। एयरपोर्ट से बाहर निकल रही थी। तभी अराइवल एरिया के गेट के बाहर एक कुत्ते ने महिला पर हमला किया।

कुत्ते का पहले ही वैक्सीनेशन किया जा चुका था। इस वजह से खतरे की कोई बात नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 क्षेत्र में अचानक कुत्ते ने महिला के पैर पर काट लिया।

वहां मौजूद लोगों ने महिला को तुरंत संभाला और एयरपोर्ट प्रशासन को सूचना दी।घायल महिला को एयरपोर्ट मैनेजमेंट तुरंत पास के प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी।

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत: 61 रन से हराया भारत ने सुपर-8 में जगह बनाई




एजेन्सी

**कोलंबो।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है।

टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है।

रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई।

उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 32 रन बनाए। सईम अयूब ने 3 विकेट। ईशान किशन मैन ऑफ द मैच चुने गए।

### टॉस के दौरान आपस में हाथ नहीं मिलाया

टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले साल एशिया कप के दौरान पाकिस्तान के प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया था। यह फैसला पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में किया गया था।

## राजस्थान में बारिश का अलर्ट, बाड़मेर का पारा 35 डिग्री पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान में 17-18 फरवरी को एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस एक्टिव होगा, जिसके असर से जयपुर, बीकानेर संभाग के एरिया में बादल छा सकते हैं, कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, बाड़मेर में शनिवार दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री पर पहुंच गया। बाड़मेर में इतना तापमान सामान्य तौर पर 20 फरवरी बाद ही दर्ज होता है। पिछले 24 घंटे में आसमान साफ रहा और सुबह से देर शाम तक तेज धूप रही। मौसम केन्द्र जयपुर की रिपोर्ट के मुताबिक जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, बीकानेर, चूरू, नागौर, चित्तौड़गढ़, जालौर, लूणकरणसर, पाली और डूंगरपुर में भी दिन में गर्मी रही।

## ट्रक ने मारी आरटीओ ड्राइवर को टक्कर, मौत

### आगरा रोड पर टोल प्लाजा के पास दस्ता काट रहा था चालान, गाड़ी की चपेट में आने से हादसा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर में ट्रक की टक्कर से आरटीओ दस्ते के एक ड्राइवर की मौत हो गई। कानोता में हिंगोनिया टोल प्लाजा के पास चालान की कार्रवाई के दौरान आरटीओ उड़न दस्ता के साथ वह मौजूद था। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। हादसे में कोटपूतली बहरोड़ के पनियाला निवासी राजाराम (48) की मौत हो गई। एक्सीडेंट ईस्ट-2 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। एसएचओ (कानोता) मुनेंद्र सिंह ने बताया- हादसे में कोटपूतली बहरोड़ के पनियाला निवासी राजाराम (48) की मौत हो गई। वह जयपुर आरटीओ में ठेके पर लगा हुआ था। झालाना आरटीओ ऑफिस के उड़न दस्ता पर राजाराम ड्राइवर लगा हुआ था। आरटीओ का उड़नदस्ता हिंगोलिया टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर दूर रविवार दोपहर करीब 3 बजे चालान की कार्रवाई कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने रोड क्रॉस करते समय आए राजाराम को अपनी चपेट में लिया।

## ईशान किशन जयपुर की मॉडल अदिति से शादी करेंगे



एजेंसी

**पटना।** टीम इंडिया के ओपनर और बिहार के रहने वाले ईशान किशन की शादी की चर्चा आई है। ईशान के दादा अनुराग पांडेय ने उनकी गर्लफ्रेंड का नाम बताया है। जिसके बाद ईशान के जयपुर की मॉडल अदिति हुंडिया के साथ अफेयर की पुष्टि हो गई है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया- ईशान जिससे भी शादी करेगा मुझे स्वीकार है। उसके बड़े भाई ने कहा था कि पल्लवी से शादी करेंगे तो हमने करवा दी थी। अब इसकी भी करवा देंगे। अदिति उसकी गर्लफ्रेंड है। वो जयपुर में रहती है। मॉडल है, मिस इंडिया कंटेस्ट में दूसरे नंबर पर आई थी।

ईशान के डेटिंग के चर्चे पहले ही थे, लेकिन अब उनके रिलेशनशिप पर मुहर लग गई है। बताया जा रहा है कि, टी-20 वर्ल्ड कप के बाद ईशान शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि, शादी की डेट की अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बीजेपी बोली- सपकाल पागल हो चुके हैं; पुणे में पूर्व विधायक के पोस्टर जलाए

## महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष सपकाल ने बताया टीपू सुल्तान को शिवाजी महाराज के बराबर

एजेंसी

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने पर विवाद बढ़ गया है। सपकाल ने कहा था-टीपू सुल्तान को शिवाजी महाराज के बराबर मानना चाहिए। वे एक योद्धा और भारत के भूमिपुत्र के रूप में उभरे। उन्होंने कभी भी जहरीली सोच को नहीं अपनाया।

दरअसल, सपकाल 14 फरवरी को बुलढाणा में मालेगांव नगर निगम के डिप्टी मेयर निहाल अहमद के ऑफिस पर थे। वे टीपू सुल्तान की तस्वीर हटाने पर हुए विवाद के बारे में बोल रहे थे।




इस विवादि बयान के बाद सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सपकाल के बयान को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा- कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रेसिडेंट का दिमाग खराब हो गया है, वह पागल हो गए हैं। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी और सोनिया गांधी को उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए। सपकाल के बयान के विरोध में पुणे में भापजा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। नारेबाजी की, उनके पोस्टर जलाए। कांग्रेस चीफ सपकाल के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।

### विवाद हुआ तो सपकाल ने सफाई दी

हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि मुझसे जो मूल प्रश्न पूछा गया था, मेरा वक्तव्य उसी संदर्भ में है। मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर दिखाने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मैं चर्चा के लिए तैयार हूं। जो प्रश्न पूछा गया था, मेरे उत्तर के संदर्भ में ही मेरा बयान है। जहां तक शिवाजी महाराज की बात है तो उनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती।

### शिवाजी के सवा सौ साल बाद जन्मे टीपू

शिवाजी का जन्म 1627 में हुआ था। उन्होंने मुगलों और दक्खन (दक्षिण) की रियासतों से लोहा लेकर मराठा साम्राज्य की नींव रखी। 1675 में उनका राज्याभिषेक हुआ था। शिवाजी ने हैंदवधर्मोधारक (हिंदू धर्म के रक्षक) की उपाधि धारण की थी। 1680 में उनका निधन हो गया। वहीं, टीपू सुल्तान मैसूर के शासक थे। 1751 में जन्मे टीपू 1782 में पिता हैदर अली की मौत के बाद मैसूर की गद्दी पर बैठे। चौथे आंग्ल-मैसूर युद्ध (1799) में उनका निधन हो गया।

खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## सदर थाना पुलिस ने अपहृत नाबालिग को किया दस्तयाब, आरोपी को किया गिरफ्तार

खबरों की दुनिया




**खाटूश्यामजी।** सदर थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रयास के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग लड़की को सकुशल दस्तयाब कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी सतवीर वर्मा पुत्र भगवान सहाय निवासी कांकरा को किशनगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से अन्य मामलों को लेकर भी गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त अन्य पहलुओं का खुलासा किया जा सके। जानकारी के मुताबिक नाबालिग लड़की का अपहरण जनवरी माह में किया गया था जिसकी रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस लगातार तलाश में जुटी हुई थी। तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर नाबालिग को बरामद किया। इस संबंध में सदर थानाधिकारी अमित कुमार नागोरा ने बताया कि पुलिस टीम की सतर्कता और निरंतर प्रयासों से यह सफलता मिली है। नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बाबा श्याम की पूजा अर्चना



खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में राजस्थान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कुमार दाधीच खाटू धाम पहुंचकर बाबा श्याम की भोग आरती में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा बाबा की चौखट पर शीश नवा कर देश एवं प्रदेश में सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की।दाधीच ने कहा कि बाबा श्याम के आशीर्वाद से समाज और राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो यही प्रार्थना है। इस अवसर पर श्रीश्याम मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने दाधीच का सम्मान किया।

वहीं डीवाईएसपी राव आनंद कुमार एवं थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने उनकी अगवानी कर दर्शन-व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी रही और पूरे वातावरण में भक्ति व श्रद्धा का भाव देखने को मिला।

## ग्राम लापुआ में मनाया जल अर्पण दिवस-स्वामित्व का उत्सव



खबरों की दुनिया

**सीकर।** ग्राम पंचायत लापुआ के ग्राम लापुआ सन्तोषपुरा, पंचायत समिति खण्डेला में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्षेत्रीय पेयजल योजना में निर्मित उच्च जलाशय मय पाईप लाईन, पम्प हाउस आदि कार्य का जन स्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग सीकर व ग्राम एवं जल स्वच्छता समिति लापुआ अध्यक्ष की उपस्थिति में जल अर्पण दिवस रविवार को हर्षोउल्लास, गर्व, संकल्प और सहभागिता के पर्व के रूप में मनाया गया। अधीक्षण अभियन्ता रामकुमार चाहिल व अधिशाषी अभियन्ता खण्डेला, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता, रींगस ने ग्राम में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल जलयोजना पूर्ण होने पर ग्रामवासियों एवं उपस्थित महिलाओं को जल अर्पण दिवस की महत्ता, जल सरंक्षण एवं स्वच्छ जल के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। चाहिल ने ग्रामीण समुदाय को जल के प्रति स्वामित्व, जिम्मेदारी और सतत् उपयोग की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर सरपंच राधा देवी, पंचायत समिति सदस्य जितेन्द्र सिंह चौधरी, कनिष्ठ अभियन्ता अंकुर बडबडवाल, देवेन्द्र कुमार जागिड, श्रीराम, मुकेश, श्यामलाल, राकेश, हरलाल एवं कार्मिक दीपचन्द्र सेन सहित ग्रामीण महिलाएं एवं स्थानीय व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने उक्त जल अर्पण दिवस पर विभाग द्वारा पेयजल स्कीम के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महाशिवरात्रि कार्यक्रम हुआ आयोजित



खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर के शेखपुरा मोहल्ला स्थित सिंधी कॉलोनी में रविवार सेठ मिळ्लू मलजी के निवास स्थान पर बहुत ही सुंदर महाशिवरात्रि का आयोजन हुआ। सिंधी समाज की महिला उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया की बाबा भोलेनाथ एवं भगत राय सिंह की असीम कृपा से गोपाल दास रिजवानी के नेतृत्व में महाशिवरात्रि का कार्यक्रम 47 वर्षों से उनके निवासी स्थान पर किया जा रहा है। रविवार को सुबह सात बजे प्रभात फेरी और दस बजे से लेकर बारह बजे तक भजन कीर्तन और सवा बहारह बजे भोलेनाथजी की आरती क़े बाद आम भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे भारती, हर्षिता, निशा, मीनाक्षी, प्रकाश रिजवानी, मोहनदास, लालचंद राजवानी, तोला राजवानी, हरीश राजवानी, पिरु रिजवानी, पिंकू राजवानी, देवीदास केसवानी, दिव्या राजवानी, चंद्रा रिजवानी, विधा पेसवानी,ज्योति रिजवानी, ज्योति राजवानी, मीनू राजवानी, मोहनी, वीनू, निर्मला, कविता, माया मगनानी, पलक सहित समस्त सिंधी समाज उपस्थित रहा।

# वित्त वर्ष 2026-27 का बजट विकासशील राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाएगा : यूडीएच मंत्री खर्रा

**पंचायती राज चुनावों में मजबूती के साथ उतरेंगे : भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दाधीच**

खबरों की दुनिया



**सीकर।** राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता रविवार को की। पत्रकार वार्ता में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमार द्वारा पेश किया गया वर्ष 2026-27 का बजट विकासशील राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाएगा।

यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि यह बजट राजस्थान के समग्र एवं सतत विकास को सुनिश्चित करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाएगा। कहा कि बजट में महिला, युवा, मजदूर, वंचित, किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण को समर्पित है।

उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र की वर्षों से लंबित पानी की मांग को पूरा करने के लिए यमुना का जल लाने के लिए 32 हजार करोड़ रूपए को मंजूरी दी गई है। कहा कि इसके साथ सीकर सहित झुंझुनूं के बीच नए एयरपोर्ट के लिए सर्वे करवाया जाएगा। खाटूश्यामजी में हेरिटेज वॉक वे और मॉडल रोड को मंजूरी मिली है। शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए दो वर्षों में 200 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सीकर में 10 करोड़ की लागत से यूआईटी का नया भवन बनेगा, 25 करोड़ की लागत से कल्याण सर्किल से नवलगढ़ रोड फ्लाईओवर में एडजॉइन अप्रोच ओवरब्रिज को मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए पूंजीगत व्यय 53 हजार 978 करोड़ रूपये का भी प्रावधान किया है जो 23-24 से दो गुना अधिक है। कहा कि प्रतिव्यक्ति आय पहली बार दो लाख दो हजार से अधिक होना संभावित है जो 2023-24 से 21.15 प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने कहा कि बजट में नागरिक की जीवन स्तर में वृद्धि, औद्योगिक विकास व निवेश को प्रोत्साहन, मानव संसाधन का सशक्तीकरा, कृषि विकास व किसानों का कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, हरित विकास एवं पर्यावरण सततता और 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मजबूत स्तंभों पर आधारित है।

**खाटूश्यामजी में अधिक पार्किंग राशि वसुलने पर जिला प्रशासन लेगा संज्ञान**

खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के मेले के दौरान निजी पार्किंग संचालकों द्वारा अधिक राशि वसुलने पर यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि जिला प्रशासन इसकी जांच करवाकर शीघ्र कार्यवाही करेगा। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने देंगे। निजी पार्किंग संचालकों की दरें तय की जाएगी अधिक वसुली नहीं करने देंगे। अवैध पार्किंग संचालकों पर कार्यवाही की जाएगी। सीकर में हवाई सेवा विस्तार के बारे में यूडीएच मंत्री ने कहा कि कुछ संगठन कुछ प्रवासी राजस्थानी लगातार मांग कर रहे हैं इस पर गहनता से विचार किया जा रहा है वही शहर मेंअतिक्रमण पर पूछे गए सवाल के बारे में उन्होंने कहा कि मीडिया इसके बारे में भ्रम पैदा कर रहा है एक तरफ बार-बार अतिक्रमण का हवाला देकर कार्रवाई के लिए कहता है जब कार्रवाई होती है तो वही उसका विरोध करता है यानी मीडिया को उन्होंने पूर्ण रूप से दोषी माना कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा सरकार के 2 साल के कार्यकाल की नाकामी के बारे में पूछने पर मंत्री ने कहा कि उनकी कथनी और करनी में काफी अंतर है पिछली बार उनकी सरकार थी तब उन्होंने क्या किया। आरजीएस घोटाले के बारे में यूडीएच मंत्री ने कहा कि जो सरकारी योजनाओं का गलत लाभ लेकर जनता को नुकसान पहुंचाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई निश्चित है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बजट में सीकर के विकास के लिए बहुत कुछ दिया है। सीकर की सभी विधानसभाओं के लिए विकास के लिए करोड़ों की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व नगरीय निकायों के चुनावों में संगठन पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा। कहा कि संगठन व सरकार के स्तर पर जो भी प्रयास जनता के हित में होते हैं उनको पूरा करने का प्रयास किया जाता है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, जिला महामंत्री राजेश रोलन, वरिष्ठ भाजपा नेता तेजप्रकाश सैनी, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, जिला कलक्टर मुकुल शर्मा, यूआईटी सचिव जगदीश गौड़, जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर, सुरेश कटारिया आदि मौजूद रहे।

## सीकर में शिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया

खबरों की दुनिया





**सीकर।** सीकर में महाशिवरात्रि के त्योहार पर सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना जोरों पर है। कल्याण धाम, गोपेश्वर महादेव मंदिर, वर्देश्वर महादेव मंदिर, राधा दामोदर महादेव मंदिर, गोविंददेव मंदिर स्थित एकादश महादेव, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समेत सभी मंदिरों में पहले पहर की पूजा के साथ ही सुबह 4 बजे से धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं।शाम को कल्याण धाम से शिव बारात निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से गुजरकर वापस कल्याण धाम पहुंची, जहां शिव-पार्वती विवाह हुआ, सभी सीकरवासी बाराती बने, इसके बाद महाआरती हुई। पुलिस ने भी शिव बारात को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की।


शिव बारात में मेवाड़ी लोकनृत्य की झांकी, अघोरी शिवसेना, बाहुबली शिव, बाहुबली हनुमान प्रमुख आकर्षण रहे। शिव बारात के रास्ते में पुष्पवर्षा और आतिशबाजी की गई। बारात संपन्न होने पर कल्याण धाम के सामने शिव-पार्वती का विवाह हुआ। इसके अलावा जिले भर के मंदिरों में श्रद्धालु भोलेनाथ का रुद्राभिषेक, जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर आक, धतूरा, बील का पत्ता, गाजर, भांग, भस्म बेर, सुगंध, ऋतुफल, दूर्वा, रोली-मोली चढ़ा गये। महादेव कॉलोनी स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी।

महादेव ट्रस्ट के ट्रस्टी संजय शर्मा ने बताया महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का भव्य श्रृंगार किया गया है।

मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। रात में चारों प्रहर की विशेष पूजा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कल्याण धाम में पिछले 4 दिन से पंचरक्षी जाप हो रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। हर-हर महादेव करते हुए शाम 5 बजे भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। बारात में झांकियां, बैंड-बाजे और आकर्षक सजावट के साथ शहरवासी बाराती बनकर शामिल हुए।

शिव बारात के रास्ते पर विशेष सजावट की गई है। ऐतिहासिक सैपऊ महादेव मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया है। कई मंदिरों में महाआरती और रात्रि जागरण के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पूरे जिले में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना था।

**सूरजपोल गेट तात्या टोपे पार्क के पास स्थित दातारेश्वर शिव हनुमान मंदिर में शिवरात्रि के उपलक्ष में ओम नमः शिवाय मंडल के द्वारा शिव परिवार की जीवंत झांकी सजाई गई तथा बर्फ का शिवलिंग आकर्षण का केंद्र रहा। वही रविवार कोमंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रातः से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। वही चारों पहर की पूजा अर्चना भी भक्तों द्वारा की गई। ओम नमः शिवाय मंडल के संरक्षक लक्ष्मण सिंह के सानिध्य में मंदिर के पुजारी संतोष शर्मा के द्वारा संपन्न कराए गए।**



फोटो कैप्शन : सच्चानंद थदानी

## समरस समाज, सशक्त राष्ट्रः हिंदू सम्मेलन में गूंजा एकता का मंत्र



खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर के वृंदावन सिटी, सूरजमल बस्ती, नवलगढ़ रोड पर आयोजित भव्य विराट हिंदू सम्मेलन में समाज में समरसता और एकता का संदेश गूंजा। विभाग प्रचारक चेतन्य प्रकाश ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में सदैव समरसता, समता और समानता का भाव व्याप्त रहा है। हमारे यहां कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था रही है 'जन्मने जायते शूद्र', अर्थात जन्म से सभी शूद्र होते हैं, बाद में कर्मों के आधार पर वर्ण बनते हैं। पराधीनता काल में समाज में विकृतियाँ उत्पन्न हुई, जिससे भेदभाव और ऊंच-नीच का भाव जागृत हुआ। ऋषि-मनीषियों ने इस विकृति को दूर करने का आह्वान किया और कहा 'हिन्दुव सहोदरा सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत्'। सभी हिंदू भारत माता की संतान हैं, इसलिए हमें परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करना होगा।

उन्होंने स्वदेशी भाव जगाने, स्व भाषा, स्व भूषा, स्व भोजन और स्व भजन अपनाने पर बल दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को आवश्यक बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति सदैव प्रकृति पूजक रही है। सम्मेलन में महिला वक्ता के रूप में डॉ. सुलोचना महला (सहायक आचार्य, कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर) ने मातृशक्ति के योगदान और दिशा दर्शन पर विचार व्यक्त किए। अभिनव सिंह (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) ने युवाओं को त्याग और अनुशासन का आह्वान किया।

आयोजन समिति के सचिव बाबूलाल जांगिड़ ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेणु महलावत ने किया। डॉ. मधु गढ़वाल और डॉ. मनोज झाझड़िया ने विभिन्न कार्यक्रमों का संयोजन किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक ख्यालिया ने आभार व्यक्त किया। हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और समाज वृंद शामिल हुए।

**गोचर विरोध मे आज फतेहपुर बंद**

## महाशिवरात्रि पर बिल्व पत्र पर खून से राम लिख कर कियें भगवान को अर्पित



खबरों की दुनिया

**फतेहपुर।** शहर में मंडावा रोड पर स्थित गोशाला आधिपत्य जमीन की रजिस्ट्री होने के मामले को लेकर शिव भक्तों ने बिल्व पत्र के तीनों पत्तोंपर खून से राम नाम लिख भगवान शंकर से गोचर भुमि रजिस्ट्री रद्द करने, नामान्तरण रद्द करने करने की कामनां की। इसकों लेकर सारनाथ आश्रम मे भगवान शिव की पूजा की।सैकड़ों लोगों ने बिल्वपत्र परखून से राम नाम लिखा। वही सोमवार को मण्डावा रोड़ बीड़,संरक्षण विकास समिति फतेहपुर पिजरापोल के सयूक्त तत्वधान मे फतेहपुर कस्बा सम्पूर्णता बंदरहेगा।

पूर्व विधायक नन्दकिशोर महरिया, भाजपा नेता मधूसूदन भिंडा, आरसीए के पूर्व सचिव पिजरापोल कमेटी के सरंक्षक सुभाष जोशी, रामनिवास सैनी, विनोद महला, पार्षद दिनेश बिंयाला, प्रदीप पारिक, कन्हैयालाल, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता ने जोशी ने बताया कि बिल्व पत्र पर अपनें खून से राम नाम लिख भगवान शिव से सभी के लिए मगंल कामना की। वही वही शिव का रोद्र स्वरूप चहिए जो दुष्टों का सगार की ये भगवान के के नन्दीयों की भुमि हड़पी बेचीसबकों आप देखो। सब बिल्व पत्र मे नाम लिए रहे वो हमारा सक्लंप है। हे भगवान शंकर हमारी खून की अखिर बूंद भी गौचर भुमि की रक्षा लिए है। इस ममामलें मे फतेहपुर शेखावाटी बंद रहेगा।

# खादूधाम मेलाः फाल्गुनी मेले में खाटूवासी घरों में नजरबन्द जैसी स्थिति में

## जगह-जगह बेरेकेटिंग, विद्यार्थियों को भी परेशानी

**पिछले साल हुई थी कई परेशानियां**

सच्चानंद थदानी

**सीकर(खबरों की दुनिया)।** सीकर जिले का विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूधाम में फाल्गुनी मेला इसी 21 फरवरी से शुरु हो रहा है, पर वैसे देखें तो पिछले कुछ वर्षों से बाबा की नगरी में मेले जैसा ही माहौल रहता है।

पर यह जो फाल्गुनी मेला है, उसमें जो बाबा के भक्त है उसमें उनकी संख्या में काफी इजाफा हो जाता है, ऐसे में पूरे रींगस से लेकर खाटू तक व मण्ढा मोड से लेकर बाबा के दरबार तक व अन्य रास्तों पर जो खाटूधाम के लिए आते हैं उनमें केवल श्याम भक्त ही नजर आते हैं और इसी भीड़ के चलते रास्ते भी डायवर्ट करने पड़ते है व अधिकतर स्थानों परनो व्हीकल जोन भी घोषित होता है।

यह तो हुई मेले की स्थिति पर इन सब के बीच इसमें सबसे ज्यादा जो परेशानी झेलते है, वह खाटूधाम के नागरिक, विद्यार्थी, व्यापारी, बड़ी संख्या में भक्तगण, सफाईकर्मी एवं



हर वह व्यक्ति जो सरकारी कर्मचारी के साथ अपने-अपने स्थान से दूसरेस्थान पर काम करने के जाने वाले आमजन ऐसे अधिकतर व्यक्तियों को विद्यार्थियों को मेले के दौरान रास्ता बन्द कर दिये जाने के दौरान काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं कुछ स्थानों पर टीन शेड लगाकर भी वहां के नागरिकों को घरों में ही नजरबन्द कर दिया जाता है, ऐसी स्थिति के खुदा न खास्ता किसी को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी या अन्य दिक्कतें आ जाये तो वह घर से ही नहीं निकल सकता, दूसरा जो परीक्षा का समय रहता है जो इस बार भी रहेगा, उसमें भी विद्यार्थी जो है, उनको बड़ी पीड़ा झेलनी पड़ती है।

वहीं जो खाटू नगरपालिका के सफाईकर्मी है या अन्य सफाईकर्मी जो बाहर से अगर बुलाये भी जाते हं या वहां के नागरिकों के पास बनते है या स्थानीय मीडिया हो या बाहर से आने वाली मीडिया उनको पिछले मेले में स्थानीय प्रशासन की वजह से काफी पीड़ा झेलनी पड़ी, मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय पासधारी लोग चक्कर लगाते रहे, लेकिन कार्यालय में कोई जिम्मेदार नहीं मिला, वहीं सफाईकर्मियों को भी रोक दिया गया था। उस समय से कुछ समय के लिए सफाईकर्मियों ने काम रोक दिया, अगर जो सफाईकर्मी है वे ही स्वच्छता का ध्यान रखते हुए कार्य करते हैं, उन्हीं की वजह से साफ-सफाई हमें देखने को मिलती है तो दूसरे के बारे में हम क्या कल्पना कर सकते हैं, वहीं पिछली बार जो स्थानीय व्यापारी थे, उनके आगे भी कुछ जगह रास्ते बन्द कर दिये व उनको आने-जाने नहीं दिया गया। नतीजनत उन्होंने भी मार्केट बन्द कर दिया व प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया जिसकी आवाज जयपुर तक गूंजी थी फिर सीकर में विराजमान होने वाले बड़े अधिकारियों के हस्तक्षेप के कारण मामला शांत हुआ था। साथ ही मंदिर कमेटी के पूर्व पदाधिकारी के घर के आगे भी टीन शेड लगा दिये गये थे।

अब जो यह कारण या वजह बनते हैं, कुछ यहां आने वाले नये अधिकारियों की वजह या बाहर से आने वाले कुछ सुरक्षाकर्मी जो यहां की स्थिति को पहचान नहीं पाते। अब हम गौर करें स्थानीय मीडियाकर्मियों की तो यहां पर जो मेला मेजिस्ट्रेट कार्यालय द्वारा कई पत्रकारों के पास नहीं बनाये, उनके कार्ड भी मान्य नहीं किये गये, उस वजह से कुछ मीडियाकर्मियों में नाराजगी देखने को मिली व जिनके पास बन भी गये उनका भी लिस्ट से कबूतर चौक के पास मिलाकर आगे जाने की परमिशन दी गई यह जो सब स्थिति व बाहर से आने वाले कुछ अधिकारियों की वजह से पनपी।

वहीं बहुत सी अन्य वजह भी है जो खाटू मेले में चांद में दाग के समान लगती है। सारे तरफ सिर्फ प्रशासन की रूपरेखा चलती है मंदिर कमेटी तक के मेले के दौरान अधिकार छीन लिये जाते है तो बाकी का तो कहना ही क्या? पर हम तो यही कहेंगे सब का प्यारा बाबा श्याम हमारा।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर बनेठा पुलिस थाने के दो कांस्टेबल लाईन हाजिर, विभागीय जांच शुरु



खबरों की दुनिया

**बनेठा।** जिले में ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर बनेठा पुलिस थाने के दो कांस्टेबलों पर कार्रवाई की है। एसपी मीना ने कांस्टेबल चालक नरेन्द्र सिंह राजपूत और कांस्टेबल विक्रम सिंह मीणा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। आधिकारिक तौर पर एसपी मीणा ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही बरतने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। प्राथमिक दृष्टि से दोषी पाए जाने पर उन्हें लाइन हाजिर किया गया है और मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। भले ही प्रशासन इसे ड्यूटी के दौरान लापरवाही मान रहा हो, लेकिन स्थानीय गलियारों में चर्चा है कि यह कार्रवाई अवैध बजरी खनन और परिवहन के चलते हुई है। एक परिवादी ने एसपी को शिकायत में आरोप लगाकर बताया था कि बनेठा पुलिस ने एक खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली को बजरी से भरी बताकर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसपी मीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए यह सख्त कदम उठाया। हालांकि, शिकायतकर्ता के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज होने के कारण वह फिलहाल फरार बताया जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## अंबेडकर बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन



खबरों की दुनिया

**टोंक।** महाशिवरात्रि के अवसर पर्व पर अंबेडकर बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें 500 महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर हिंदू सम्मेलन में भाग लिया। रामकृष्ण मंदिर में पहुंचने के बाद वहां श्रीराम महाराज ने प्रवचन दिए, साथ ही पूरणमल कुशवाहा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पांच परिवर्तन यथा सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य पर ओजस्वी भाषण दिया। कार्यक्रम में दीनदयाल कसेरा, तुलसीदास, गोविंद सोनी, पुरुषोत्तम जायसवाल, आदित्य मीणा, जितेंद्र सांवरिया, शंकर ग्वाल एवं परीक्षित साहू उपस्थित रहे।

## ककोड़ के शिक्षक संदीप जैन दिल्ली में अमृत कुम्भ सम्मान से होंगे सम्मानित

खबरों की दुनिया



**बनेठा।** ककोड़ ग्राम निवासी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरदारपुरा में कार्यरत शिक्षक संदीप कुमार जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। आगामी 22 फरवरी को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थित सी. डी. देशमुख ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में उन्हें 'अमृत कुम्भ सम्मान 2025' से नवाजा जाएगा।

यह सम्मान हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन (भारत सरकार के रक्षा एवं विदेश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित) की ओर से हिंदी भाषा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए दिया जा रहा है। फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षकों के लिए आयोजित होने वाली रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में संदीप कुमार जैन की रचना का चयन किया गया है। समारोह में लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता और नीति आयोग के सदस्य डॉ. विजय कुमार सारस्वत मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिले के एक शिक्षक की इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत और स्थानीय ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## चौरु में संत चोकसराम मुनि महाराज का 17 फरवरी को निकलेगा भव्य जुलूस

खबरों की दुनिया



**उनियारा।** चौरू कस्बे में स्थित रामस्नेही संप्रदाय के रामद्वारे के संत चौकस राम मुनि महाराज का सर्व समाज द्वारा गुरुवाणी के उदघोष के साथ 17 फरवरी को भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलुस की तैयारियां जोरों शोरों से सर्व समाज के लोगों द्वारा की जा रही है। 17 फरवरी को सुबह 10 रामस्नेही संप्रदाय के संत क्यारज राम महाराज के समाधि स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना कर जुलूस की शुरुआत होगी। जुलूस वंहा से शुरू होकर रामद्वारे पर पहुंचेगा। वहां पर सर्व समाज द्वारा स्वागत सत्कार किया जाएगा इसके बाद जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए निकलेगा। इस दौरान घर घर पर महिलाओं पुरुषों द्वारा स्वागत सत्कार कर चरण वंदना के साथ आशिर्वाद लेंगे। जुलूस के दौरान संत चोकसराम मुनि महाराज गुरुवाणी का उदघोष भी किया जाएगा।

### एक करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं : कन्हैयालाल चौधरी





खबरों की दुनिया

**मालपुरा।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रविवार को मालपुरा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान जलदाय मंत्री ने नगरपालिका की ओर से नगरपालिका क्षेत्र में कराए जाने वाले लगभग एक करोड रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने नगरपालिका की ओर से दूदू रोड स्थित श्रीयादे प्रजापति छात्रावास के पास सामुदायिक भवन, शास्त्री नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर के पास सामुदायिक भवन, नेत्र चिकित्सालय के सामने सामुदायिक भवन तथा पुरानी तहसील स्थित मालियों की बगीचे के पास सामुदायिक भवन के निर्माण का मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करते हुए शिलान्यास किया तथा उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं।

विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि जनता के पैसों का सदुपयोग हो तथा जनता की राय लेकर विकास कार्य हो इसलिए जनसुनवाई आयोजित कर जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्य के लिए वो हमेशा तत्पर रहे है। नगरपालिका की ओर से 24 लाख 90 हजार रुपए का एक सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।

सामुदायिक भवन बनने से समाज के लोगों को सामाजिक कार्यक्रमों को करने में सुविधा मिलेगी तथा शादी विवाह जैसे कार्यक्रमों में भी फिजूलखर्ची से राहत मिलेगी। सामुदायिक भवनों के निर्माण से सभी प्रकार के सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करने में सुविधा मिलेगी।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की ओर से रखी गई मांगों का भी समाधान करने के आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र मेहन्दवास्या, डॉक्टर अंकित जैन, नरेंद्र जैन नीटू, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी रामजीत चौधरी भी मौजूद रहे।

## श्रीरामचरण महाराज की 307वीं जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई





खबरों की दुनिया

**टोंक।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा स्थानीय शाखा टोंक के तत्वावधान में रामस्नेही सम्प्रदाय के संस्थापक संत शिरोमणी स्वामी श्रीरामचरण महाराज की 307वीं जयंती महोत्सव पुरानी टोंक स्थित रामद्वारा में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रामद्वारा के संत कोमलराम महाराज एवं रामनिवास महाराज द्वारा वाणीजी का पठन कर स्वामी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। स्थानीय अध्यक्ष रमेश कुमार विजयवर्गीय मुल्तानी मेहन्दवास, महामंत्री राजेन्द्र विजयवर्गीय डारडा एवं मीडिया प्रभारी अनिल विजयवर्गीय ने बताया कि रामचरण जयन्ती पर संगीतमय धन्नालाल व हामिद द्वारा प्रस्तुत भजनों पर महिलाएं नाचने को विवश हो गई। शिरोमणी संत कोमलराम महाराज एवं रामनिवास महाराज के सानिध्य में आयोजित जयंती महोत्सव कार्यक्रम में रामस्नेही सम्प्रदाय के संत शिरोमणी स्वामी श्रीरामचरण महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बताया कि संत शिरोमणी श्रीरामचरण महाराज ने आज से करीब पौने तीन सौ साल पहले रामस्नेही संप्रदाय की स्थापना की थी। वह निर्गुंध भक्ति शाखा के संत भी थे, जिनके द्वारा धर्म की स्थापना आज हम सभी के लिए प्रासंगिक एवं प्रेरणास्त्रोत है। सांय महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बैठक पंगत प्रसादी ग्रहण की। महोत्सव में हर साल की भांति महिलाओं को उपहार वितरण भी किये गये। इस अवसर पर रामचरण जयंती संयोजक सत्यनारायण सिदड़ा, पूर्व डॉ. सीताराम विजयवर्गीय, शंकर सांखना, बद्री ताखोली, रामेश्वर डारडा, शिवप्रकाश फुलेता, हेमराज सांखना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशन राणोली, ओमप्रकाश, युवा संयोजक सुरेश बिणजारी, गोविंद घी वाले, निर्मल, बद्रीलाल, गोविन्द बमोर, महिला संयोजिका सुमन विजय, अंजू विजय डारडा, सीता विजय, अर्चना, लक्ष्मी, सुनिता, नवल किशोर विजय, सुरेश विजय, गीता, मंजू, शिक्षा विजय, रितु विजय, लक्ष्मी विजय, ज्योति विजय, रचना, टीना विजय, कल्पना विजय, नीलम, प्रिया एवं रिंपल सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष मौजूद थे।

## टोंक चैम्बर के राजीव बंसल व दिनेश पाटौदी उपाध्यक्ष नियुक्त

खबरों की दुनिया

**टोंक।** टोंक चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष राजीव सिंघल ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दो नए उपाध्यक्ष राजीव बंसल और दिनेश पाटोदी की नियुक्ति की है।

ग़ौरतलब ही राजीव बंसल वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष भी हैं और वो शिक्षा और होटल व्यवसाय से भी जुड़े हुए हैं। दिनेश पाटोदी काफ़ी अरसे से आयल व्यवसाय से जुड़े हुए ही और कई सामाजिक संघटनों से भी जुड़े हुए है।

राजीव सिंघल ने कहा है कि उनकी नियुक्ति का टोंक जिले के उद्यमियों का फायदा पहुंचेगा और टोंक चैम्बर को भी उनके अनुभव का लाभ होगा उनकी नियुक्ति का सभी ने स्वागत किया है।





## शिव विवाह तप, प्रेम, त्याग व आध्यात्मिक एकता का अद्भुत संगम : शचि केसर

### पार्थिक शिवलिंग की पूजा की, शिव विवाह की संजीव झांकी सजी

खबरों की दुनिया



**टोंक।** श्रीमंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मन्दिर टोंक में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में चल रही महाशिवपुराण के रविवार को कथा वाचक उज्जैन की लाडली शचि केसर ने शिव विवाह प्रसंग का महत्व सुनाते हुए कहा कि पार्वती से पहले, शिव का विवाह राजा दक्ष की पुत्री देवी सती से हुआ था। सती शिव के प्रति अत्यधिक समर्पित थी, लेकिन उनके पिता ने उनके मिलन को अस्वीकार कर दिया। शिव का अपमान करने के लिए, दक्ष ने एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया तथा जानबूझकर शिव को बाहर कर दिया। उन्होंने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव तथा माता पार्वती के दिव्य विवाह की पावन कथा सुनाते हुए कहा कि यह कथा केवल विवाह नहीं, बल्कि तप, प्रेम, त्याग एवं आध्यात्मिक एकता का अद्भुत संगम है। शिव-पार्वती विवाह कथा सुनने से वैवाहिक जीवन में प्रेम एवं मधुरता आती है। मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं तथा जीवन के कष्ट एवं बाधाएँ दूर होती हैं, शिव-कृपा सदैव बनी रहती है। इस कथा में आपको शिव भक्ति का दिव्य रस, रूह को छू लेने वाला भक्ति भाव, महाशिवरात्रि का पूर्ण आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। महाशिवरात्रि के पावन दिन इस कथा को अवश्य सुनने से भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती हैं। महाशिवरात्रि के मौके पर कथा पांडाल में पार्थिक शिवलिंग बनाकर महिला पुरुषों ने भगवान शिव की पूजा की। इस अवसर पर संगीतमय भक्तों श्रद्धालुओं ने खुब आनन्द लिया और शिव विवाह की झांकी संजीव झांकी सजाई गई, भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने शिव विवाह का नाचते हुए आनंद लिया। इस मौके पर सुबह से ही मन्दिर में श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना करने के लिए भीड़ लगी रही तथा समिति के कार्यकर्ताओं ने करीब 300 किलों प्रसादी का श्रद्धालुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल, प्रकाश सर्राफ, मिथलेश गर्ग, गोपाल जड़िया, बाबूलाल जांगिड़, मोहन सोनी, किशन विजय, शिवदयाल, रवि शर्मा, रामवतार धाभाई, शंकर विजय एवं राजेश आदि महिला-मौजूद थे।

### शिव संदेश से गुंजायमान हुआ टोंक शहरः पुष्पवर्षा के बीच आत्म-जागृति का संदेश लेकर निकली शिव संदेश शोभायात्रा

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है : मृत्युंजय मिश्रा







खबरों की दुनिया

**टोंक।** 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा शहर में जन-जन तक परमात्मा का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य शिव संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा को पुरानी टोंक स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के प्रभु उपहार भवन से ब्रह्माकुमारी अपर्णा, पुरानी टोंक थाना एसएचओ शंकरलाल, ब्रह्माकुमारी पूनम, ब्रह्माकुमारी गुंजन, राजयोगी बीके प्रहलाद, ओम प्रकाश गुप्ता ने शिव ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया। जो बंबोर गेट, घंटाघर और मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए यज्ञ के बालाजी स्थित राजयोग भवन में संपन्न हुई, जहां ब्रह्माकुमारी बीना द्वारा स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में सर्वधर्म सद्भाव और आत्म-जागृति का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया। यात्रा के अग्रभाग में भारत माता एवं ब्रह्माकुमारी बहनें हाथों में ध्वज लिए चल रही थीं, वहीं पीछे सुसज्जित बग्गी में ब्रह्माकुमारी दीदियां विराजमान होकर शहरवासियों को पवित्र वाइब्रेशन प्रदान कर रही थीं। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

यात्रा में आकर्षक झांकियों के माध्यम से दर्शाया गया कि सभी धर्मों के पिताओं ने किसी न किसी रूप में परमपिता परमात्मा शिव को स्मरण किया है। एक अन्य झांकी में शिव परिवार का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने शिव ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा समाज में नैतिक मूल्यों के संवर्धन और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मानसिक स्थिरता प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की।

टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने शिव जयंती का आध्यात्मिक महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि वर्तमान संगम युग में सर्व आत्माओं के पिता परमपिता परमात्मा शिव अवतरित होकर दिव्य ज्ञान और सहज राजयोग का मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिससे आत्माओं का जागरण एवं आंतरिक शक्तियों का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि उसी दिव्य अवतरण की स्मृति का पावन पर्व है। परमपिता परमात्मा शिव सर्वश्रेष्ठ, सर्वशक्तिमान, सर्वधर्म मान्य और सर्वोच्च हैं, लेकिन सर्वव्यापी नहीं हैं। पुरानी टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ऋतु ने कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। और शिव संदेश को आत्मसात करते हुए आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया।



# बाअदब, बामुलाहिजा, होशियार-पार्किंग से पहले कुत्तों की इजाजत ले लें...



**अशोक चतुर्वेदी**
**व्यंग्यकार**

कुत्तों की पार्किंग से नगर निगम को सबक लेना चाहिए..फार्मूला नायाब है, बशर्ते स्वीकार लिया जाए..तो कुत्तों से निगम को सीखना चाहिए.. कुत्तों की पार्किंग व्यवस्था बड़ी सटीक है..गलती से भी गलत जगह पार्किंग की नहीं कि कुत्तों ने रात को नींद उड़ाई नहीं..असल में कुत्ते दिन में ही इसकी तैयारी कर लेते हैं..जिस गाड़ी की पार्किंग पर इन्हें एतराज होता है..उस पर दिन में निशान लगा जाते हैं..निशान लगाने का तरीका भी लाजवाब..ना कोई क्रास..ना कोई लाल निशान..गाड़ी को सूंघते हैं..कभी-कभी चक्कर भी लगाते हैं..फिर गाड़ी के किसी कौने पर टांग उठा कर निशां लगा जाते हैं..दिन भर गाड़ी के पास नहीं फटकते..रात जब तक जाग होती है..तब तक भी नहीं फटकते..लेकिन जब रात गहराने लगती है तो इनकी गश्त शुरू होती है..तीसरे पहर बाद एक्शन होता है..ये गाड़ी पर चढ़ जाते हैं..धमाचौकड़ी मचाते हैं..बीच-बीच में ठहर कर दूर तक निगाह भी दौड़ाते हैं..गोया निरीक्षण करते हों कि कहां-कहां नो पार्किंग जोन में गाड़ियां पार्क की गई हों..जैसे ही इन्हें लगता है कि दूर कहीं गाड़ियां रेंज में हैं तो भोंक-भोंक कर साथी कुत्तों को आगाह करते हैं..थोड़ी देर में नजारा ये होता है कि यहां वहां गाड़ियों की छतों पर कुत्तो का कब्जा होता है..जब तक मर्जी होती है कुत्ते बिराजते हैं..फिर उतर कर चले भी जाते हैं..गारंटी नहीं कि फिर नहीं आएंगे.. लौट कर आते भी हैं..थोड़ी देर में या फिर बहुत देर में..कुत्तों की इन हरकतों से उनकी नींद ज्यादा उड़ती है जो हाल ही चमचमाती कार शोरूम से



निकाल कर लाए हैं..रात भर में कुत्ते इतने निशान छोड़ देते जितने निशां पूरी शादीशुदा जिंदगी में पत्नी से नहीं मिलते..तो कुत्तों ने नाक में दम कर रखा है..बीती रात गजब नजारा था..एक जवान को शादी में एसयूवी मिली..रात सड़क किनारे खड़ी कर दी..थोड़ी देर बाद एसयूवी कुत्तों के हवाले थी..सजी-संवरी गाड़ी के फूल उधेड़ डाले..गाड़ी की छत पर चढ़ गए और पेस्टी खाने लगे..पास ही पेस्टी वाले की दुकान है तो वहां से फेंका गया पेस्टी का डिब्बा उठा लाए..दावत नई गाड़ी की छत पर हुई..कुत्तों की झीगामस्ती से शायद नवदंपत्ती के प्रेमालाप में खलल पड़ा..खिड़की से झांक कर देखा तो दंग रह गए..युवक नीचे आया..कुत्तो को दौड़ाया और लौट गया..थोड़ी देर बाद फिर कुत्ते गाड़ी की छत पर..सिलसिला थोड़ी देर चला..अंततः युवक ने गाड़ी उठाई और दौड़ लगाई..कब-कितने बजे लौटा, खबर नहीं लेकिन जब तक कुत्तों के साथ आंखमिचौनी खेली..हम भी गवाह बने..देर रात जगने का कोई शौक नहीं लेकिन हम भी वही काम कर रहे थे जो ये साहेब कर रहे थे..तो आई विटनेस होने का दुर्भाग्य मिला..बहरहाल, इन्होंने तो शायद सुरक्षित पार्किंग तलाश ली..हम रात दो से चार बजे अर्थात ब्रह्म मुहुर्त में कुत्तों से जूझ रहे हैं..कुत्तो की तो आदत है रात-रात जागना..अब हमारी भी आदत बनती जा रही है..मोक्ष की राह में अच्छा प्रयास है.. अलग बात है कि गाड़ी के मोह से बाहर नहीं आ सके हैं..इतने तंगदिल भी हो गए हैं कि कुत्तों से बराबरी कर रहे हैं..गाड़ी पर बैठने का इंतजार करते हैं और डंडा ले दौड़ पड़ते हैं..कुत्ते भी गाड़ी पर बैठते हैं तो मुंह हमारी तरफ ही होता है..अब समझ आया कि श्राद्ध पक्ष में कुत्तों को ग्रास देना क्यों जरूरी है..पूर्वज जानते थे कुत्तों की फितरत..तो व्यवस्था तय कर गए..जिसने समझ लिया, खुश है..पड़ोसी पोपट लाल भी खुश है..उसकी खटारा पर कुत्ते नहीं बैठते..पोपट का मानना है कि वह रोज कुत्तों को दूध-रोटी डालता है तो कुत्ते मेहरबान रहते हैं..खबर नहीं क्या वजह है..पर बाखबर किए देते हैं गर तो गाड़ी नई है तो पार्किंग पर विशेष ध्यान दें..जरूरी नहीं पूर्व मेयर शिकायत कर नगर निगम की टीम बुलवाए..कुत्तो को खबर हुई तो वे पहले ही इलाज कर देंगे..तो सतर्क रहें..गर्मियां आ रही हैं..कुत्तों के साथ जागने का अभ्यास कर लें..खासकर वे जिनके पास नई गाड़ियां हैं..वरना तो तैयार रहें सुबह सवेरे रोज गाड़ियों पर खरोंच देखने के लिए...।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

> **गलती से भी गलत जगह पार्किंग की नहीं कि कुत्तों ने रात को नींद उड़ाई नहीं..असल में कुत्ते दिन में ही इसकी तैयारी कर लेते हैं..जिस गाड़ी की पार्किंग पर इन्हें एतराज होता है..उस पर दिन में निशान लगा जाते हैं..निशान लगाने का तरीका भी लाजवाब..ना कोई क्रास..ना कोई लाल निशान..गाड़ी को सूंघते हैं..कभी-कभी चक्कर भी लगाते हैं..फिर गाड़ी के किसी कौने पर टांग उठा कर निशां लगा जाते हैं..दिन भर गाड़ी के पास नहीं फटकते..रात जब तक जाग होती है..तब तक भी नहीं फटकते..लेकिन जब रात गहराने लगती है तो इनकी गश्त शुरू होती है..तीसरे पहर बाद एक्शन होता है..ये गाड़ी पर चढ़ जाते हैं..धमाचौकड़ी मचाते हैं..खास बात ये कि ये बिना किसी पूर्व मेयर या बड़े अधिकारी के कहने पर काम करते हैं..जरूरी नहीं कि रेस्तरां विवाद हो..ये बिना विवाद के भी गाड़ियां खरोंच डालते हैं...।**

# भविष्य के जलवायु समझौतों के लिए मार्गदर्शक दस्तावेजः क्योटो प्रोटोकॉल



**सुनील कुमार महला**
**लेखक**

पर्यावरणीय दृष्टि से 16 फरवरी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि 16 फरवरी 2005 को क्योटो प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से लागू हुआ था, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विश्व का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इसे 1997 में जापान के क्योटो शहर में अपनाया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक (विकसित) देशों द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर की तुलना में कम करना था, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। वास्तव में आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित है, जिसका प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, तेज शहरीकरण, विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों (कोयला, पेट्रोलियम, गैस) का अत्यधिक उपयोग, परिवहन, कृषि गतिविधियाँ और प्रदूषण हैं, जिनसे वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। ग्रीनहाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प तथा फ्लोरीनयुक्त गैसें आदि वायुमंडल में सूर्य की ऊष्मा को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है। नवीनतम आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुँच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.3% अधिक है; इस अवधि में उत्सर्जन वृद्धि में भारत का योगदान सबसे अधिक रहा, हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी वैश्विक औसत से कम है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत में लगभग 3 टन प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष, जबकि वैश्विक औसत लगभग 6.4 टन है। कुल उत्सर्जन के मामले में भारत लगभग 4 गीगाटन वार्षिक उत्सर्जन के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक योगदान विकसित देशों से कम है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2024 में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगभग 423-425 पीपीएम तक पहुँच गई, जो औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में लगभग 50% अधिक है और जलवायु जोखिम को बढ़ा रही है। क्योटो प्रोटोकॉल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारी' का सिद्धांत था, जिसके अनुसार ऐतिहासिक रूप से अधिक प्रदूषण करने वाले विकसित देशों पर अधिक दायित्व डाला गया, जबकि भारत और चीन जैसे विकासशील देशों को शुरुआती चरण में अनिवार्य उत्सर्जन कटौती से छूट दी गई। इस समझौते के अंतर्गत उत्सर्जन व्यापार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) और संयुक्त कार्यान्वयन जैसे नवाचारपूर्ण तंत्र बनाए गए, जिन्हें फ्लेक्सिबल मैकेनिज्म कहा गया और इन्हीं के माध्यम से कार्बन ट्रेडिंग की अवधारणा विकसित हुई, जिससे विकसित देश अन्य देशों में हरित परियोजनाओं या स्वच्छ तकनीक में निवेश करके कार्बन क्रेडिट खरीद सकते थे। भारत ने सीडीएम के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाएँ विकसित कीं, जिससे तकनीकी आधुनिकीकरण, विदेशी निवेश और 'सर्टिफाइड एमिशन रिडक्शन' (सीईआर) क्रेडिट के रूप में आर्थिक लाभ मिला तथा भारत वैश्विक कार्बन बाजार का महत्वपूर्ण भागीदार बना। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन इसे अपनी संसद से अनुमोदित नहीं कराया, जिससे इसकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठे, फिर भी इसकी एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि इसने उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन की सख्त वैश्विक प्रणाली विकसित की, जो आज भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती है। आगे चलकर वैश्विक जलवायु प्रयासों को अधिक व्यापक बनाने के लिए 2015 में पेरिस समझौता अस्तित्व में आया, जिसमें लगभग सभी देशों को जलवायु कार्रवाई के साझा लक्ष्य में शामिल किया गया; संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2023-2024 में वैश्विक उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर के आसपास है और वर्तमान नीतियों के साथ 1.5°C तापवृद्धि लक्ष्य हासिल करना कठिन दिखाई देता है। भारत ने वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में महत्वपूर्ण लक्ष्य घोषित किए हैं। वर्ष 2030 तक 2005 के स्तर की तुलना में उत्सर्जन तीव्रता में 45% कमी, 50% बिजली क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करना और 2070 तक नेट-जीरो हासिल करना और वर्ष 2025 तक भारत 50% से अधिक स्थापित बिजली क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त कर चुका है, जो उसकी प्रगति को दर्शाता है। वैश्विक स्तर पर क्योटो प्रोटोकॉल का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन इसकी सबसे बड़ी सफलता यह रही कि इसने दुनिया को सामूहिक पर्यावरणीय कार्रवाई की दिशा दिखाई, 'प्रदूषक भुगतान करे' सिद्धांत को व्यवहार में लागू किया और भविष्य की जलवायु नीतियों की मजबूत नींव रखी; सरल शब्दों में कहें तो आज जब दुनिया नेट-जीरो की बात करती है, तो उसकी जड़ें कहीं न कहीं क्योटो की उसी ऐतिहासिक पहल में निहित हैं। अंत में यही कहूंगा कि आज के संदर्भ में क्योटो प्रोटोकॉल ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसने पहली बार विकसित देशों पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटाने के कानूनी लक्ष्य तय किए। हालांकि, अब वैश्विक जलवायु नीति का केंद्र पेरिस समझौता बन चुका है, फिर भी क्योटो प्रोटोकॉल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी।इस समझौते के कारण कार्बन बाजार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) जैसे तंत्र विकसित हुए, जिनसे विकासशील देशों को भी लाभ मिला। आज जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच यह समझौता दुनिया को उत्सर्जन नियंत्रण की जिम्मेदारी याद दिलाता है। संक्षेप में, क्योटो प्रोटोकॉल आधुनिक वैश्विक जलवायु नीतियों का आधार माना जाता है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

*मेक इन इंडियाः स्वावलंबी युवा राष्ट्र हित का कर्मयोगी*

# स्वयं की ऊर्जा और क्षमता से स्वरोजगार का चयन उचित



**संजीव ठाकुर**
**लेखक व चिंतक**

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए अपनी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार रोजगार की तलाश राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण योगदान भी हो सकता है। भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र, स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

## कविता

### देशभक्ति की ज्योति पवित्र

माथे का पसीना जब धरती में उतरता,
खेतों में हरियाली का राष्ट्रवाद निखरता है।

श्रम कोई शब्द नहीं, माँ भारती की आरती,
हर हथौड़े की चोट में छिपी देशभक्ति की ज्योति पवित्र।

जो कंधों पर ईंट उठाते भविष्य की इमारत गढ़ते,
जो तपते सूरज में चलते, इतिहास की दिशा मोड़ते।

श्रमिक के हाथों की रेखाओं में भारत का कल मुस्काता,
उनकी सादगी में ही राष्ट्र का गौरव आता है।

ना सिंहासन, ना राज चाहिए, ना यश का शोर मचाना,
कर्मभूमि पर पसीने की बूंद से भारत को श्रेष्ठ बनाना है।

जब युवा संकल्प करेगा, मेहनत को ही
अपना मर्म कहेगा,
सीमाओं पर खड़ा सैनिक भी निश्चिंत होकर मुस्काएगा।

कारखानों की गूंज में, हल की नोक की धार में,
देश की धड़कन बसती श्रमिक के श्रम संस्कार में।

आओ श्रम को उत्सव मानें, इसे भाग्य नहीं,
अधिकार मानें, पसीने की हर बूंद को
राष्ट्रधर्म का विस्तार मानें।

क्योंकि सफल वही जीवन जो स्वयं से ऊपर उठ जाए,
अपने श्रम की तपस्या से विश्व की प्रेरणा बन जाए।

# शिवरात्रि के महापर्व पर बाबा भूतनाथ मंदिर में काजलिया आरती का हुआ आयोजन

**खबरों की दुनिया**

**लक्ष्मणगढ़।** महाशिवरात्रि के महापर्व पर रविवार को बाबा भूतनाथ मंदिर में काजलिया आरती का आयोजन हुआ।

यह जानकारी देते हुए भगवा रक्षा वाहिनी अध्यक्ष जयशंकर पुजारी ने बताया कि बरसों से काजलिया आरती आयोजन होता रहा है।

उन्होंने ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन बाबा भूतनाथ की आरती होने के बाद में जो काजल तैयार होता है, उसको आंखों में डालने से आंखों की ज्योति बढ़ती है। महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में भक्तों ने आंखों में काजल डलवाया और बाबा भूतनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर भगवा रक्षा वाहिनी के संरक्षक सुरेश जाजोदिया सुंडाराम पसोरिया दीनदयाल जोशी सुबोध शर्मा शंभूदयाल बिल उपाध्यक्ष ताराचंद ठेकेदार महामंत्री अमित कुमार जोशी महावीर जैन नवीन काछ्वाल प्रवक्ता रवि जोशी राजेश बेदी सत्यनारायण सैनी गिरधारी लाल जाजोदिया सुरेश चिरानिया राजाराम शर्मा अजय पुजारी प्रमोद सैनी योगेश पारीक कैलाश जोशी विनोद प्रवासी इटली अर्पित जोशी अशोक पाराशर मुकेश पाराशर आयुष जोशी सुरेश बीबी पुरिया आदि भूतनाथ बाबा के भक्तगण मौजूद रहे।




# महाशिवरात्रि को पैदा होने पर घर वालों ने नाम निकला शिवचरण

**बाल मुकुंद जोशी**

राजस्थान के दो बार मुख्यमंत्री रहे शिवचरण जी माथुर का जन्म भले ही अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 14 फरवरी को हुआ था, लेकिन वे अपना जन्मदिन हिंदी पंचांग की तिथि के अनुसार महाशिवरात्रि को ही मनाते थे। उनकी दोहती और कांग्रेस नेता विभा माथुर बताती हैं कि माथुर का जन्म मध्यप्रदेश के गुना शहर में महाशिवरात्रि के दिन हुआ था। उनका लालन-पालन करौली (राजस्थान) में हुआ, माथुर साहब अपनी माताजी के साथ बचपन में अपने ननिहाल करौली आ गए थे।

विभा माथुर के अनुसार, माथुर एक जमींदार परिवार से संबंध रखते थे। पारिवारिक और सामाजिक परिवेश ने उनके भीतर नेतृत्व और जनसेवा के संस्कार शुरू से विकसित हुए। उनके परिवार का स्वतंत्रता आंदोलन से भी गहरा संबंध रहा।



उनकी बहन सरला जी का विवाह प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी माणिक लाल वर्मा के परिवार में हुआ था, जिसके चलते माथुर भी सपत्नीक आजादी के संग्राम से जुड़ गए और राष्ट्रीय चेतना से प्रेरित होकर सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हुए।

स्व. शिवचरण माथुर प्रशासनिक कुशलता, संगठन क्षमता और जनहित के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। हिंदी तिथि के अनुसार आज उनकी स्वर्ण जयंती पर उनके योगदान और व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए शत-शत नमन।

## 'तुम्हारा खत'

हर इतवार का इंतजार करता मैं,
तुम्हारा खत पढने़ की बेकरारी को
महसूस करता मैं। भूल कर सारी शिकायते
मैं जिंदगी के सुकून की बाते करता हॅू मैं,
इक हाथ में तुम्हारा खत और एक हाथ में
उल्फत छुपाने की अदा चाहतो-इंतजार की
बाते करता मैं। खोता ही जा रहा मैं,
उस खत की गहराई में और दिन-ब-दिन
उसकी ना खत्म होने वाली मुलाकात का
इंतजार करता मैं। अब ठहर कर मैं काश उस
खत से वाकिफ हुआ और इजहार करने को
तड़पता रहा मैं, तुम्हारा खत मेरे लिए सिर्फ खत नही
लफ्जों का सागर है, और सागर में किनारा ढूंढताँ रहा मैं

- उषा मेहरा

खबरों की दुनिया

## एक नजर



## राजस्थान को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने वाला बजट- निमिषा गौड

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** जिला भाजपा कार्यालय पर राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता निमिषा गौड़ ने प्रेस वार्ता की। वार्ता में जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व विधायक बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा, पूर्व विधायक बसेड़ी सुखराम कोली, धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर शिवचरन कुशवाहा एवं भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना। उपस्थित रहे। पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रदेश प्रवक्ता निमिषा गौड ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान को सशक्त बनाने वाला बजट पेश किया है। भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं राजस्थान को विश्व पटल पर प्रस्तुत करने वाला बजट पेश किया है। यह बजट राजस्थान को सतत एवं समग्र विकास को प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार की तुलना में राजस्थान की अर्थव्यवस्था का आकार 41.39% बढा है, प्रतियोगी परीक्षाओं को बेहतर बनाने के लिए राजस्थान में राजस्थान टेस्टिंग एजेंसी की घोषणा की है। पहली बार राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 2 हजार हो रही हैं, 5 वर्ष में चार लाख युवाओं को रोजगार देने का संकल्प पूरा हो रहा है, एक लाख युवाओं को नौकरी की घोषणा हो चुकी है, हर घर नल योजना के तहत 6500 गांव को इस योजना से जोड़ा जाएगा, कृषि चिकित्सा एवं आंतरिक संरचना के लिए बजट बढ़कर पेश किया है। सभी संभाग मुख्यालय को सिग्नल फ्री किया जाएगा, गत वर्ष के बजट की घोषणाओं का 93% काम पूरा हो चुका है, कर्मचारी के कल्याण हेतु वेतन वृद्धि के लिए अनुशंसा की गई है, धौलपुर में मिनी सचिवालय निर्माण कराया जाएगा, महिला पुनर्वास केंद्र की स्थापना होगी, धौलपुर की बाड़ी विधानसभा बिजली में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित होगा, धौलपुर में खेल मैदान मुख्यालय पर बनाया जाएगा, रामसागर पर अपस्ट्रीम स्लिपवे गेट लगाने के लिए 933 करोड रुपए के बजट की घोषणा की गई है जिससे 15000 आबादी वाले गांव को लाभ होगा। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत एवं पूर्व विधायक बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया, पूर्व विधायक सुखराम कोली ने बजट राजस्थान को मजबूत करने वाला एवं आम जनता के हित का बताया, धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी शिवचरण कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा प्रस्तुत बजट मे पूरे राजस्थान का समग्र ध्यान रखा गया है राजस्थान को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने वाला बजट है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला मंत्री विजय त्यागी, पंचायत समिति सदस्य दीपू कुशवाहा, बचाराम बघेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, डॉ मनोज शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी ऋतिक वर्मा, सह प्रभारी लोकेंद्र चौहान, राजा भैया, मजन सिंह जादौन, प्रदीप सिसोदिया, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, अनमोल बंसल, मनीष तोमर, फैजल खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिवालय बम बम भोले के जयकारों से हुए गुंजामयान

### सैंपऊ में भक्तों की उमड़ी भीड़






खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। चौपड़ा स्थित शिव जी के मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही और भगवान का अभिषेक किया गया वहीं सैंपऊ महादेव मंदिर में शनिवार देर रात्रि से कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया और उन्होंने कांवड़ चढ़ाया और जलाभिषेक किया। समूचा वातावरण हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजामयान हो गया। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चौपड़ा मंदिर स्थित शिव जी मंदिर पर अलसुबह से ही भक्तों की भीड़ जमा हो गई और दर्शनों के लिए उमड़ पड़े। भक्तों ने शिव जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। वहीं सैंपऊ महादेव मंदिर में रात से ही बड़ी संख्या में कांवड़ियों और अन्य भक्तों के पहुंचने के कारण भीड़ बढ़ गई। महादेव का जलाभिषेक करने के लिए पाइप लगाए गए थे, जिनके माध्यम से भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे थे। इस पर्व को लेकर मंदिरों को पूर्व में ही तैयार किया गया। मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति उत्साह देखा गया। भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। महादेव बाबा का अभिषेक बेलपत्र, धतूरा, दही, शहद और दूध से किया गया। मंदिर प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। जिले के अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के चोपड़ा मंदिर, अचलेश्वर मंदिर और बसेड़ी के भूतेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि पर्व पर सैंपऊ में लख्खी मेला आयोजित होता है जो करीब दस दिवसीय होता है। इस मेले की तैयारियां कई दिनों से की जा रही थी। रविवार को मेले में लोगों की काफी भीड़ रही। वहीं इस मेले में दुकानें, झूले सहित अन्य मनोरंजन के सामान आए हैं।

## पेट्रोल के पैसे मांगने पर सेल्समैनों की पिटाई



**धौलपुर ।** मनियां थाना क्षेत्र स्थित पारस नाथ फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल के पैसे मांगने को लेकर दो सेल्समैन से मारपीट करने का मामला सामने आया है। यह घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार वाहन सवार व्यक्तियों ने पेट्रोल भरवाया। जब कर्मचारियों ने उनसे भुगतान मांगा, तो आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों सेल्समैंनो के साथ हाथापाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मनियां पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पीड़ित कर्मचारियों की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अभय यादव रहे मैन ऑफ द सीरीज, बेंच ने 41 रन से सीरीज जीती

# जो खिलाड़ी खेलें वहीं जीते : संजीव मागो

खबरों की दुनिया





**धौलपुर ।** अभिभाषक संघ धौलपुर द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव मागो रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि मैच में दोनों ही टीमों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया, जो खिलाड़ी खेले हैं वहीं जीते हैं। धौलपुर अभिभाषक संघ धन्यवाद की पात्र है, जिन्होंने बार - बेंच के लिए इतना महत्वपूर्ण आयोजन रखा।आयोजन बहुत ही रोचक रहा बार बेंच के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई और आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार गोयल ने कहा कि धौलपुर के अधिवक्ताओं द्वारा सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महिला, पुरुष अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों ने अपनी भागीदारी निभाई। आयोजन काफी सफल रहा है और इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष होते रहने चाहिए। इस अवसर पर धौलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने में अभिभाषक संघ की पूरी कार्यकारिणी के साथ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पूर्ण सहयोग दिया है और समय-समय पर आयोजन के दौरान जो मार्गदर्शन दिया उसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल कुमार भार्गव, हरिशंकर मुदगल, रविंद्र मोदी, बृजेंद्र रावत, कोर्ट मेनेजर बृजेश शर्मा व मुंसिफ राजीव शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी । अंत में धौलपुर अभिभाषक संघ महासचिव अरविंद सिंह गुर्जर ने सभी न्यायिक अधिकारी कर्मचारी अधिवक्ताओं का धौलपुर अभिभाषक संघ की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे द्वारा आने वाले दिनों में अधिवक्ताओं के परामर्श अनुसार इस प्रकार के और भी बेहतरीन आयोजन कराए जाएंगे। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट द्वारा किया गया। क्रिकेट मुकाबले में बेंच ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 124 रन बनाए। बेंच की ओर से अभय ने 31 बॉल में 64 रन और सचिन ने 22 बॉल में 40 रन की शानदार पारी खेल कर अपनी टीम के लिए विशाल स्कोर खड़ा किया। बार की टीम लक्ष्य का पीछे करने उतरी और निर्धारित 10 ओवर में 83 रन ही बना सकी। बार की ओर से आसिफ उस्मानी ने सर्वाधिक 14 रन की पारी खेली। बेंच की ओर से पियूष एवं शांतनु ने तीन-तीन विकेट झटके। दौड़ प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में 100 मीटर में नंदकिशोर कुशवाहा विजेता व पीयूष तिवारी उपविजेता रहे। 200 मीटर में नंदकिशोर कुशवाहा विजेता व पीयूष तिवारी उपविजेता रहे। बैडमिंटन एकल वर्ग में अनुपम बघेल विजेता व मोहित शर्मा उपविजेता रहे। डबल्स बैडमिंटन अनुपम बघेल - अनिल शर्मा विजेता व मोहित शर्मा - हरिओम उपविजेता रहे। इस अवसर पर सुबोध शर्मा, इरशाद खान, संजय जगरिया, गौरव शर्मा, मुकेश भट्ट, रिजवान अहमद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राजाखेड़ा में गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयकारे





### महाकाल शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

खबरों की दुनिया

**राजाखेड़ा ।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा नगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा,आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही बाबा महाकाल के मंदिरों एवं शिवालयों में ? नमः शिवाय और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से पूरा नगर शिवमय हो उठा।लगातार सात वर्षों से सक्रिय महाकाल सेवा सुरक्षा संस्थान द्वारा इस वर्ष भी भव्य महाकाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दोपहर लगभग 12 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ राजाखेड़ा स्थित प्राचीन वनखंडेश्वर मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया गया। शोभायात्रा वानखंडेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर नयावास मोहल्ला, कान्यकुब्ज मोहल्ला, थाना राजाखेड़ा होते हुए नगर के मुख्य बाजार मार्ग से निकली और पीर की मोहल्ला,छैकुरिया बस्ती मार्ग से पुनः वनखंडेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर के मुख्य बाजार स्थित राम खिलाड़ी चौराहा पर महाकाल सेवा सुरक्षा संस्थान द्वारा भव्य मंच की व्यवस्था की गई थी, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाखेड़ा नगर के निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन,पवन उपाध्याय एवं डी.के. ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा नेता सोनू बांकुरे, जितेंद्र सिंह एवं अरविंद उर्फ लाला गलेथा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक ठाकुर ने की। दीपक ठाकुर ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर इस भव्य आयोजन का निरंतर संचालन करती आ रही है तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। शोभायात्रा के दौरान स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों ने मनमोहक धार्मिक प्रस्तुतियां दीं। बाल स्वरूप में सजे बाबा भोलेनाथ, हनुमान जी, राधा-कृष्ण, गणेश जी एवं महाकाल के गणों के दिव्य रूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। खाटूश्याम, मां भारती एवं अन्य आकर्षक झांकियों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के मंच का संचालन रविंद्र सिंह चौहान द्वारा किया गया। आयोजन समिति में महाकाल सेना सेवा संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष दीपक परिहार, प्रदेश सचिव पुष्पेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश ठाकुर, अभिषेक गुप्ता, अंकुश जादौन, रवि सिंह, रोहित सिंह पंवार, सौदान सिंह, प्रमोद सिंह, दुर्गेश ठाकुर,ललित जादौन,कुलदीप राघव,लक्की ठाकुर,नीतेश शर्मा, गिर्राज, कन्हैया, रामवीर, सतेंद्र तोमर,रमाकांत सिकरवार, शिवम सिकरवार, अंशु शर्मा, हरीश, कुलदीप सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पैरा एथलीट देवेन्द्र सिंह गुर्जर ने गोला फेंक में जीता रजत पदक

खबरों की दुनिया



**करौली।** करौली जिले के राजपुर गांव के पैरा एथलीट देवेन्द्र सिंह गुर्जर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने दुबई में आयोजित 17वीं फाजा इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप (दुबई 2026 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स) में गोला फेंक प्रतियोगिता की एफ46 कैटेगरी में रजत पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 10 से 14 फरवरी तक चली, जिसमें 46 देशों के लगभग 400 पैरा एथलीटों ने हिस्सा लिया। देवेन्द्र ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कड़ी प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश के लिए गर्व का मौका प्रदान किया। पिछले चार वर्षों से वे नेक्सॉन स्पोर्ट्स अकादमी, जयपुर में कोच जगजीत सिंह के मार्गदर्शन में एशियन पैरा गेम्स 2026 की तैयारी कर रहे हैं। राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके देवेन्द्र ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, चाचा, कोच और फिजियो डॉ. दिनेश गुर्जर तथा नेक्सॉन स्पोर्ट्स अकादमी को दिया। इस उपलब्धि से न केवल करौली, बल्कि पूरे राजस्थान में खुशी का माहौल है। देवेन्द्र जैसे युवा एथलीटों का संघर्ष और समर्पण अन्य पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आगामी एशियन पैरा गेम्स में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। दुबई ग्रांड प्रिक्स में भारत ने 50 सदस्यीय मजबूत दल भेजा था। देवेन्द्र सिंह गुर्जर की यह रजत पदक की उपलब्धि भारतीय पैरा एथलेटिक्स की बढ़ती ताकत को दर्शाती है।



## सीमेंट से भरे ट्रेलर में आग लगने से हुआ खाक

**भुसावर ।** थाना भुसावर के गांव बझेरा खुर्द सिरस में सीमेंट के कट्टे लेकर आ रहे ट्रेलर में अचानक आग लग गई। जिससे ट्रेलर पूरी तरह खाक हो गया। थाना भुसावर के एएसआई ऐदल सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही थानाधिकारी रामदयाल मीणा के साथ मय जाप्ता मौके पर पहुंचे दमकल को सूचना दी। जहां भुसावर एवं नदबई से पहुँची दमकलों की मददे से आग पर काबू पाया गया। लेकिन आग से पूरा ट्रेलर खाक हो गया। लोगों ने बताया कि गांव में बनने वाली सड़क के लिए नसीराबाद निवासी ट्रेलर चालक गणेश पुत्र शिवराम निम्बाहेडा से सीमेंट भरकर आया था। जहां अचानक आग लग गई और घटना घटित हो गयी।

### उक्त दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा10-10 हजार रूपए का ईनाम था घोषित

## सदर पुलिस धौलपुर ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत करीब 22 साल से फरार, 10-10 हजार के ईनामी अपराधियों को किया गिरफ्तार

### उक्त दोनों मुलजिम थे डकैत वकीला गैंग के सदस्य

**धौलपुर ।** फरार अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन शिकंजा के तहत जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार थानाधिकारी महेश मीना उ.नि. के नेतृत्व में पुलिस थाना वांछित अपराधियों के खिलाफ टीमें गठित की गई। टीमों द्वारा पुलिस पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मुलजिम मोहरसिंह पुत्र बद्री जाति बद्री जाति गुर्जर उम्र 72 साल निवासी खुलावली थाना देवगढ जिला मुरैना एमपी हाल निवासी गिरगौनी थाना नूराबाद जिला मुरैना एमपी व रामबरन पुत्र बद्री जाति गुर्जर उम्र 68 साल निवासी खुलावली थाना देवगढ जिला मुरैना एमपी हाल निवासी गिरगौनी थाना नूराबाद जिला मुरैना एमपी को गिरफ?तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त आरोपीयों द्वारा वर्ष 2004 से फरार चल रहे थे जिन्हे न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित कर रखा है जिनकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा 10-10 हजार का ईनाम घोषित कर रखा था।

**दिनांक 16.03.2004 को बाबूलाल पुलिस निरीक्षक**

तत्कालीन थानाधिकारी थाना सदर धौलपुर को मुखबिर से सूचना मिली कि वकीला, मौहरसिंह, रामबरन डकैतों की ग्राम साहनपुर रामनाथ गुर्जर के मकान पर ठहरे हुये है। उक्त सूचना पर बाबूलाल पुलिस निरीक्षक तत्कालीन थानाधिकारी थाना सदर धौलपुर मय जाप्ता के रवाना होकर साहनपुर के रामनाथ गुर्जर के मकान पर पहुंचे तो डकैत वकीला गुर्जर, रामबरन गुर्जर व मोहरसिंह गुर्जर रामनाथ गुर्जर के मकान से जंगलों की तरफ भागते हुये नजर आये, उक्त बदमाशानों को आत्मसर्पण करने के लिए कहा गया तो उक्त बदमाशों ने पुलिस पार्टी को जान से मारने की नीयत से 6 राउण्ड फायर करते हुये जंगलों की तरफ भाग गये। जिस पर मुकदमा दर्ज कर डकैतों को शरण देने वाले आरोपी रामनाथ गुर्जर को मौके पर गिरफ्तार किया गया एवं वकीला गुर्जर, रामबरन गुर्जर एवं मौहर सिंह वक्त घटना से फरार चल रहे थे।

## सीए राजीव सोगानी को रोटरी इंटरनेशनल का प्रतिष्ठित सम्मान

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** रोटरी इंटरनेशनल द्वारा रोटेरियन सीए राजीव सोगानी को उनकी चार दशकों से अधिक की निरंतर, निष्ठावान और समर्पित सेवा के लिए Four Avenues of Service Award से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रोटरी में उत्कृष्ट सेवा, मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और संगठनात्मक योगदान की वैश्विक मान्यता माना जाता है। यह सम्मान वरिष्ठ पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं डिस्ट्रिक्ट 3056 के रोटरी ट्रेनर अजय काला द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर अजय काला ने कहा कि 'राजीव सोगानी जैसे समर्पित रोटेरियन रोटरी की असली ताकत होते हैं – जो बिना शोर किए, वर्षों तक संगठन को मज़बूती देते रहते हैं।' उल्लेखनीय है कि सीए राजीव सोगानी पिछले 43 वर्षों से रोटरी से जुड़े हुए हैं उन्हें 1983 में स्व अशोक गुप्ता ने रोटरी सदस्य बनाया था।राजीव तीन अलग-अलग प्रांतों (डिस्ट्रिक्ट्स) में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विशेष रूप से रोटरी के वित्तीय प्रबंधन, पारदर्शिता और प्रणाली को सुदृढ़ करने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। आज भी वे रोटरी क्लब जयपुर अशोक के सक्रिय सदस्य के रूप में संगठन की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि रोटरी के उन मूल्यों की जीत है – जिनमें सेवा, प्रतिबद्धता, अनुशासन और संगठन के प्रति दीर्घकालिक निष्ठा शामिल है। सीए राजीव सोगानी का यह सम्मान युवा रोटेरियन्स के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है कि निरंतर सेवा और ईमानदार योगदान अंततः वैश्विक मंच पर पहचान दिलाता है।

### विभिन्न क्षेत्रों की ख्याति प्राप्त प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## जमीअतुल कुरैश की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में जुटे देशभर के स्कॉलर्स

### सभी वक्ताओं ने शिक्षा व समाज की तरक्की और एकजुटता पर दिया बल

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश की राष्ट्रीय कांफ्रेंस रविवार को यहां बिरला ऑडिटोरियम में समारोहपूर्वक हुई। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, साइंटिस्ट, ब्यूरोक्रेट्स, चिकित्सा, शिक्षा, धर्म, समाज से जुड़ी नामचीन शख्सियतें शामिल हुई। कांफ्रेंस की अध्यक्षता कर रहे जमीअतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी ने कार्यक्रम में उठे विभिन्न मुद्दों एवं महत्वपूर्ण बातों पर गंभीरता से मनन करने की बात कहते हुए शिक्षा पर बल दिया। वहीं उन्होंने सभी से अपने बच्चों को आगे लाकर विकास की ओर अग्रसर रहने का आह्वान किया। संगठन की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष जीनत कुरैशी ने बच्चियों को तालीम, तिजारत सहित सभी क्षेत्रों में आगे लाने पर बल दिया, साथ ही सभी से इस संदर्भ में संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हाजी नईमुद्दीन कुरैशी एवं संरक्षक छुट्टन कुरैशी ने सभी से अपने आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ प्रगति पथ सदैव अग्रसर रहने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि एवं साइंटिस्ट डॉ. जहीरूद्दीन ने कहा- इस्लामी तरीके पर चलते हुए हमें हर क्षेत्र की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। देश व समाज के लिए विकास के नए आयाम स्थापित करें। उन्होंने कहा-हमें तिरंगे को पूरी दुनिया में लहराना है। जमीअतुल कुरैश यूथ विंग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने शिक्षा पर बल देते हुए देश व समाज के विकास में सभी से अपनी महत्ती भूमिका का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने समाज की समग्रता, उन्नति, विकास एवं स्मृद्धि की चर्चा करते हुए कहा कि हमें लोकतंत्र में मजबूती का प्रदर्शन करते हुए राजनैतिक क्षेत्र में अग्रसर रहना होगा। अतिथि एनआरआई रफीक कुरैशी भादरा ने जनसंख्या के मुताबिक अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज में कुरैशी बिरादरी बड़ी संख्या में होने के बावजूद सियासी व शैक्षिक क्षेत्र में पिछड़ने पर चिंता जताई। वहीं उन्होंने भामाशाह दाऊद कुरैशी द्वारा 36 कौमों के लिए किए कार्यों को मार्गदर्शक व अनुकरणीय बताया। भादरा नगर पालिका की निवर्तमान चेयरपर्सन मुसकान कुरैशी ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए जिम्मेदारी के साथ बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए फिजूल खर्ची बंद कर शादियों को आसान करने और पैसा बच्चों की तालीम पर खर्च करने का आह्वान किया। जयपुर शहर जिला अध्यक्ष फसीउद्दीन कुरैशी एवं प्रदेश महासचिव खालिद कुरैशी ने संगठन के 100 वर्षों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा की उपयोगिता पर विशेष बल दिया। जामा मस्जिद जयपुर के सदर शब्बीर कुरैशी मुहम्मदी ने कौम की एकजुटता का आह्वान करते हुए शैक्षिक व आर्थिक मजबूती की बात कही।

## बम बम बोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

### महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

**भुसावर।** उपखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मन्दिरो को सजाया गया तथा मन्दिरो पर डीजे की धुन पर शिव भक्तों द्वारा कावड़ चढ़ाई गई। जहां महिला व पुरुषो ने वतृ रखकर मन्दिरों में पूजा अर्चना की ग्राम पंचायत दीवली में पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बौराज व प्रशासक भाग्य श्री मीणा ने झारखंड महादेव की पूजा अर्चना कर क्षैत्र में खुशहाली की प्रार्थना की। कोठी वाले मन्दिर,हुकाश्वर महादेव, रात वाले हनुमान मंदिर कुन्डा वाले हनुमान मंदिर तथा ग्रामीण क्षेत्र विभिन्न मन्दिरों पर श्रद्धालुओ की भारी भीड़ देखने को मिली। जहां हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## आकरा पीर साहब के उर्स पर गूंजी कव्वालियां, कुल की रस्म के साथ हुआ समापन



खबरों की दुनिया

**बेगू ।** हजरत सूफी सैयद आकरा पीर रहमतुल्लाह अलेह के सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर दरगाह परिसर में भव्य कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उर्स का समापन कुल की रस्म के साथ अकीदत और अमन-चैन की दुआओं के बीच सम्पन्न हुआ। आकरा उर्स कमेटी सदर शराफत खान ने सभी मेहमानों का माला पहनाकर दस्तारबंदी कर स्वागत किया। इसके बाद दरगाह पर चादर पेश की और सामूहिक लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन ने शिरकत की। कव्वाल पार्टी ने सूफियाना कलाम पेश कर महफिल को रूहानी रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष आबिद हुसैन अंसारी कोटा गरीब नवाज सोसाइटी सदर मुनाफ खान का दस्तारबंदी कर सम्मान किया । भाजपा नगर अध्यक्ष की मौजूदगी में विधायक प्रतिनिधि शंभू लाल धाकड़ से वार्ता के दौरान दरगाह परिसर में 10 लाख रु की लागत से नए कम्युनिटी हॉल के निर्माण की घोषणा की गई। उर्स कमेटी ने इस घोषणा पर विधायक डॉ सुरेश धाकड़ प्रतिनिधि शंभू लाल धाकड़ आबिद हुसैन अंसारी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर आबिद खान, कब्रिस्तान कमेटी सदर इम्तियाज खान, दीदार शाह, कासिम खान, नदीम खान, रईस खान, जफर खान, लाला भाई पठान, राजू भाई पठान, शरीफ भाई पठान, युसूफ भाई सहित अन्य सदस्यों ने खिदमत अंजाम दी।

# ओम नमः शिवाय के जयकारों से गुंजा मुक्तेश्वर महादेवालय महाशिवरात्रि पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** अणु किरण कॉलोनी स्थित मुक्तेश्वर महादेवालय में महाशिवरात्रि महापर्व हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु भगवान शिव के अभिषेक के लिए मंदिर प्रांगण में पहुंचने लगे। प्रातः 4 बजे मंदिर के पट भक्तों के लिए खोल दिए गए। भक्तों ने दोपहर 2 बजे तक दूध, दही, घी, शक्कर, गुलाल, कुमकुम, चंदन, फूल बेलपत्र से भगवान भोलेनाथ का विधिवत अभिषेक पूजन किया। मंदिर समिति द्वारा पूजन सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई । लंबी कतारों के बावजूद श्रद्धालुओं ने धैर्यपूर्वक घंटों प्रतीक्षा कर दर्शन किए। पांच पारियों में हवन आयोजित हुआ। हवन प्रातः 5:15, 8:15, 9:15, 11:15 बजे तथा पूर्णाहुति हवन दोपहर 1:15 बजे प्रारंभ होकर 2 बजे संपन्न हुआ। मानस से आए पंडित राजू पुरोहित सुरेश पुरोहित की टीम ने मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया।

महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन किए गए। मंदिर पुजारी मुकेश पुरोहित ने बताया कि समिति द्वारा भगवान चारभुजा नाथ के वस्त्रों एवं गीता प्रेस गोरखपुर की पुस्तक स्टॉल लगाई । संध्या काल में विशेष दीपदान किया गया तथा 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराए गए। शाम 7 बजे पंडित मुकेश पुरोहित द्वारा महाआरती की गई ।

आरती पश्चात गर्भगृह में विशेष श्रृंगार किए गए भगवान भोलेनाथ के शांतिपूर्ण दर्शन कराए गए और महाप्रसाद का वितरण किया गया। सभी श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष भी वितरित किए गए। आकर्षक रोशनी से सजा मंदिर परिसर देर रात तक भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा।

## महाशिवरात्रि पर देवभ्रमण, नन्हें विद्यार्थियों ने किया जलाभिषेक



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुशीला मोहनपुरिया ने बताया कि कक्षा प्ले से प्रथम शिशु वाटिका तक के लगभग 190 भैया-बहनों को मानव मंदिर परिसर में देवभ्रमण करवाया गया, जहां बच्चों ने भगवान महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान समता गुप्ता, नीतू सक्सेना, उषा चंदा चोरिया, राजवंती कुमावत विशाखा टेलर ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। सुनीता ने विद्यार्थियों को महाशिवरात्रि के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व फाल्गुन मास की चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस दिन शिवलिंग पर दूध, शहद और जल से अभिषेक किया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था तथा भगवान शिव ने संसार की रक्षा के लिए विषपान किया था। इस अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों और रोशनी से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने 'ओम नमः शिवाय' और 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं' का जाप करते हुए उपवास रखा। कार्यक्रम में ज्योति जैन, मनीष कौशल, लक्ष्मी सुमन प्रिया धोबी का विशेष सहयोग रहा।

# शिवमय हुआ शहरः हर-हर महादेव के जयघोष के साथ निकली दिव्य शिव बारात





खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शहर के शिव परिवार द्वारा भव्य शिव बारात का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ किया । बारात में शामिल श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने पूरे शहर को शिवमय बना दिया। शिव बारात बप्पा रावल चौराहे से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। बारात में भगवान शिव-पार्वती की सजीव झांकी, केदारनाथ धाम का दृश्य, अघोरी साधु, नंदी महाराज सहित विभिन्न धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

अखाड़े के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया। भक्त भगवान शिव के भजनों पर झूमते नजर आए और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। शहर के विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर शिव बारात का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से शिव-पार्वती विवाह संपन्न कराया गया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। अंत में शिव परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया ।



## पुलवामा के वीर सपूतों को नमनः जावदा निमड़ी में 7वीं बरसी पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** पुलवामा हमले की 7वीं बरसी पर जावदा निमड़ी क्षेत्र में ग्रामीणों ने देश के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्रवासियों ने इस दिन को 'ब्लैक डे' के रूप में मनाते हुए मां भारती के सपूतों के बलिदान को याद किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम का शुभारंभ नारायण धाकड़ शिवलाल धाकड़ ने शहीदों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान वीर शहीद अमर रहें,वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। ग्रामीणों ने नम आंखों से जवानों के शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य अमर सिंह हाड़ा, ग्राम पंचायत प्रशासक कुलदीप सिंह राठौड़, पृथ्वीराज सिंह राठौड़, शिवनाथ सिंह हाड़ा, अशोक सुथार, सुभाष सेन, राहुल धाकड़, शैतान गुर्जर, विकास टेलर, भरत विजयवर्गीय, गुरदीप कंग, देवीलाल विजयवर्गीय, विनोद छिपा राधेश्याम माली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## राजयोग मेडिटेशन का लिया संकल्प

## 12 ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन से शिवमय हुआ माहौल



**रावतभाटा (खबरों की दुनिया)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग सेवा केंद्र, आत्म अनुभूति भवन, प्रताप नगर चारभुजा में आयोजित चार दिवसीय 12 ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन झांकी के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहर वासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर दिव्य झांकी के दर्शन किए और राजयोग मेडिटेशन का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर स्कूल मऊपूरा , महात्मा गांधी स्कूल के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ पहुंचे। बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर राजयोग मेडिटेशन का महत्व समझा और दिव्य ज्ञान को जीवन में धारण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सेंट पॉल स्कूल प्रिंसिपल फादर डेंटी, कमलेंद्र सिंह हाड़ा, प्रहलाद जाट, नरोत्तम जोशी रामेश्वर लाल सैनी ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया।



## दीपपुरा घुमाव पर बाइक अनियंत्रित, दो युवक घायल : कोटा रेफर

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** कुंडाल के दीपपुरा घुमाव के पास रविवार को बाइक का संतुलन बिगड़ने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक बिजोलिया मेले में जा रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार चंद्र सिंह पुत्र नैना लाल निवासी हरीशपुरा (झालरापाटन) एवं पप्पू लाल पुत्र हजारी लाल की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

## विप्र फाउंडेशन की बैठक सम्पन्न, धार्मिक आयोजनों पर बनी सहमति

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** विप्र फाउंडेशन की बैठक फेस टू हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुई, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आगामी सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज में धार्मिक सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस वर्ष होली मिलन समारोह (फागोत्सव), तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन, परशुराम जन्मोत्सव आगामी नगर निकाय चुनाव में एकमतता पर कार्य किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक वातावरण निर्माण, आपसी भाईचारा बढ़ाने और युवाओं को संस्कृति से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।



सदस्यों ने कार्यक्रमों की रूपरेखा, तिथियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए और आयोजन को सफल बनाने हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा ने की, जबकि संचालन प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष के.के. दुबे ने सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग की अपील की , बैठक में कैलाश व्यास, अनिल शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा, दुर्गालाल शर्मा, रमाकांत शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, तनवी शर्मा, सर्वेश शर्मा, रश्मि मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भव्य कलश यात्रा से गूंजा भक्तिमय माहौल



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अंबे माता मंदिर से चंबलेश्वर महादेव मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करती हुई आगे बढ़ रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार वधवा, मधु कंवर हाड़ा, तन्वी शर्मा, पदमा सोनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया गया।

## महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा रावतभाटा

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर में धर्म, भक्ति और सेवा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। स्थानीय शिव मंडल द्वारा श्री अनोखेराज हनुमान मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भोजन वितरण का क्रम सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चला । आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं शिव मंडल के कार्यकर्ताओं एवं श्री बजरंग व्यायामशाला के स्वयंसेवकों द्वारा संभाली गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार वधवा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा और पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राधेश्याम गुप्ता, पूर्व सरपंच कुशाल बारेशा, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, भुवनेश नागर, शिव मंडल संरक्षक हरीश राठौर, अध्यक्ष गुलशन वाधवानी, आशीष जैन, महामंत्री राहुल राठौर, प्रहलाद जाट, दिलीप मीणा, दिनेश सेन, कालू सोनी, सौरभ जैन, रामप्रसाद जंगम, भगवती लाल जैन, तन्वी शर्मा, रेखा लोधा, पदमा सोनी, डॉ. वाई.पी. नकड़ा, विजय अरोड़ा, दिनेश रेटूदिया, भंवर सिंह, अनिल बलसोरी, आशा व्यास, अंबालाल गुर्जर, ज्ञानचंद राठौर, हरिमोहन राठौर सहित भक्त उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत पूरक प्लान पर प्रशिक्षण आयोजित

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** पंचायती राज विभाग के राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पूरक प्लान संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के अंतर्गत ग्राम विकास अधिकारियों एवं कनिष्ठ सहायकों को ऑनलाइन पोर्टल पर योजनाएं अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई। सहायक विकास अधिकारी लोकेश जैन ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी रोहित मीणा जितेंद्र मीणा द्वारा पोर्टल पर प्लान अपलोड करने की संपूर्ण प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया । प्रशिक्षण के दौरान मूल प्लान में छूटे हुए कार्यों को पूरक प्लान में शामिल करने की सैद्धांतिक प्रक्रिया पर भी विस्तार से जानकारी दी ।



साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 16 फरवरी से 28 फरवरी तक चलने वाले प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। अधिकारियों ने पंचायत स्तर पर अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने पर जोर दिया।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में लगी रही भक्तों की भीड़

### भोर होते ही गूंज उठे बोल बम के जयकारें

खबरों की दुनिया



**निवाई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति व आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की लाईने लगी रही। इस दौरान शिवालयों में ओम नमः शिवाय व हर हर महादेव के जयकारें गूंजते रहे। शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ के चलते भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं को इंतजार करना पड़ा। शहर के सबसे प्राचीन श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर व मायला कुण्ड स्थित शिवालय, नर्बदेश्वर महादेव मंदिर, शिवाजी कॉलोनी स्थित इच्छेश्वर महादेव मंदिर, किलेश्वर महादेव मंदिर, परमहंस आश्रम, जगजीत महादेव, चिंताहरण गणेशजी के मंदिर के शिवालय, श्री राधा दामोदर जी मंदिर व टीलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव की चार पहर की श्रद्धालुओं ने पूजा की और विधिवत अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक के बाद झांकी सजाई गई। इस दौरान नवविवाहिता महिलाओं ने शिवालयों में भगवान शिव के दरबार में जयगढ चढाकर भजन गाती रही। श्री राधा दामोदर जी मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। ठाकुर जी का हरि-हर रूप में अलौकिक श्रृंगार किया। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। मंदिर के पुजारी कैलाश चंद, हरि नारायण, मुकेश व नितेश पंडा के सान्निध्य में भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात ठाकुर जी व राधारानी जी का नयनाभिराम दिव्य श्रृंगार किया गया। जिसमें विष्णु (हरि) व शिव (हर) के संयुक्त स्वरूप की झलक दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने हरे कृष्ण-हरे राम के संकीर्तन के साथ दामोदर सरकार के दरबार में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

## जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

खबरों की दुनिया

**टोंक।** पुलिस थाना निवाई सदर क्षैत्र में जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 हजार 330 रूपये जब्त किये गये है। निवाई सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गठित टीम में सउनि गजराज सिंह, कानि. ज्ञानाराम, शंकरलाल, पायलेट एवं आशाराम चालक द्वारा जुआ खेलते तीन आरोपी राजेश पुत्र कैलाश लुहार (20) निवासी पलाई पुलिस थाना उनियारा, जीतराम पुत्र रंगलाल गुर्जर (24) निवासी मंजुकडा पुलिस थाना निवाई सदर एवं राकेश पुत्र प्रहलाद यादव (34) निवासी कनेसर पुलिस थाना निवाई सदर जिला टोंक को गिरफ्तार कर 4 हजार 330 रूपये जब्त कर थाना हाजा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित




### भामाशाहों ने चांदी के गहने, बर्तन व अन्य सामानों की राशि देने की घोषणा की


खबरों की दुनिया

**निवाई।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया की अध्यक्षता व प्रदेश महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद की मौजूदगी में छात्रावास में बैठक आयोजित हुई। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 1 मई 2026 पीपल पूर्णिमा को सामुहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा। जिसको लेकर बैठक में 11 जोड़े संभावित हुए। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा ने कहा कि विवाह सम्मेलन से धन व समय की बचत होती है। उन्होंने लोगों को विवाह सम्मेलन में अपने बच्चों का विवाह करवाने का आह्वान किया। बैठक में समाज के भामाशाहों ने चांदी के गहने, बर्तन व अन्य सामानों की राशि देने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया ने सम्मेलन हेतु वर वधू के जोड़ों का सहयोग करके विवाह सम्मेलन में बढ़ चढक़र योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि विवाह सम्मेलन को लेकर 8 मार्च को बैठक आयोजित होगी।

बैठक में जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा टोंक तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, छात्रावास समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा, तहसील अध्यक्ष गोपीलाल बोहरा, पूर्व तहसील अध्यक्ष प्रहलाद सरसिण्या, रामपाल सिंगवाडिया, कालूराम सरसिण्या, मुकेश नारनोलिया, एडवोकेट सुरेश महाराजपुरा, केदार नारायण, हनुमान, रामावतार बांसड़ा, गिरिराज हरसौरा, शंभू चौधरी, शंकर वेद व सूरज सरसिण्या सहित जिला व तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारी व समाज बंधु मौजूद थे।

## पहाडी में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन, कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** ग्राम पंचायत पहाडी में हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 101 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। इस दौरान महिलाओं एवं पुरूषों ने जमकर भक्ति नृत्य किया। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। हिंदू सम्मेलन में संत रामकृष्ण वेदंती सहि कई महिला- पुरूषों ने बढ़-चढक़र धर्म लाभ कमाया। मुख्य वक्ता गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने सामाजिक समरसता, परिवार के संस्कार एवं समस्त हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान



किया। उन्होंने भारत की एकता अखंडता एवं सनातन धर्म एवं पंच परिवर्तन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, राजाराम चौधरी, बद्री पटवारी, रामावतार व पूर्व प्रधान ममता जाट सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### चार राज्यों का भ्रमण करेगा किसानों का दल

# अविकानगर संस्थान निदेशक डॉक्टर अरुण कुमार तोमर ने दल को किया रवाना

खबरों की दुनिया






**मालपुरा।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर द्वारा भारत सरकार की अनुसूचित जाति उपयोजना एवं फार्मर फर्स्ट प्रोजेक्ट मे 86 से ज्यादा चयनित टोंक जिले के किसानो एवं सहयोगी टीम का रविवार को चार राज्य राजस्थान, हरियाणा, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश का आठ दिवसीय (15 से 22 फरवरी, 2026) एजुकेशनलमय एक्सपोज़र भ्रमण कार्यक्रम का निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर के मार्गदर्शन एवं सम्बोधन के साथ रवाना हुआ। जिसमे टोंक जिले से महिलाओ एवं पुरुष किसानो को दो समूह मे अलग अलग रास्ते से संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र गडसा कुल्लू हिमाचल प्रदेश पहुंचगे। निदेशक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि इस भ्रमण के माध्यम से किसानो को भारतीय क़ृषि अनुसन्धान परिषद के विभिन्न संस्थानों, क़ृषि ओर पशुपालन विश्वविधालय, क़ृषि विज्ञान केंद्र, क्षेत्रीय केंद्र, राज्य सरकार के संस्थानों की क़ृषि ओर पशुपालन ऊनत तकनिकीयों की प्रदर्शनी के साथ अवलोकन कराया जायेगा। जिससे किसान वर्तमान स्वरूप मे क़ृषि ओर पशुपालन के कमर्शियलिजेशन के स्तर को देखकर, सुनकर समझ सके। किसान की सुविधा अनुसार दो समूह मे 43 किसान एवं सहयोगी टीम का दल रवाना होकर पहला दल अविकानगर करनाल, कुल्लू, लुधियाना, बीकानेर से वापस अविकानगर 22 फरवरी को शाम लोटेगा। इसी प्रकार दुशरा दल 43 किसान एवं टीम सदस्यों अविकानगर से बीकानेर, लुधियाना, कुल्लू, करनाल एवं अविकानगर आएगा। जिससे किसानो के रहने, खाने एवं अन्य किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। अंत मे निदेशक डॉ तोमर द्वारा सभी किसानो को नियम का पालन करते हुई अच्छे विचार एवं तकनिकीयों के बारे मे अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने का सुझाव दिया। इस आठ दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम का समन्वयक डॉ अजय कुमार, डॉ अमरसिंह मीना, डॉ सत्यवीर सिंह डागी एवं डॉ सरोबाना सरकार द्वारा किया जायेगा। भ्रमण दल के साथ अविकानगर से महाराम मीना, गौतम चोपड़ा, सुमेरसिंह राव, महावीर, हेमा मीना, हनुमान सहाय मीना, संविदाकर्मी एवं महिला सुरक्षा हेतु सुरक्षाकर्मी आदि किसान की सभी तरह के व्यवस्था करेंगे। किसान बढ़े ही जोश एवं खुशी के साथ रवाना हुई। अविकानगर के मीडिया प्रभारी डॉ अमरसिंह मीना ने जानकारी दी।

## आरोग्य के मेले में तीसरे दिन भी उमड़ा जन सैलाब





खबरों की दुनिया

**टोंक।** टोंक के स्थानीय गांधी खेल मैदान में राजस्थान सरकार व आयुर्वेद विभाग द्वारा चल रहे चार दिवसीय आरोग्य मेले में तीसरे दिन भी अपार जन समूह ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस मेले में आयुर्वेद चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, होम्योपैथी व सिद्धा द्वारा लोगों की चिकित्सा व परामर्श प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर आज इंडियन मेडिसिन बोर्ड के भूतपूर्व रजिस्ट्रार कमल चंद शर्मा एसोसिएट प्रॉफेसर राजकीय आयुर्वेद कॉलेज जयपुर ने आयुर्वेद में औषधि सेवन काल के महत्व पर अपना उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने बताया कि प्रत्येक रोग का एक नियत सेवन काल होता है यदि उसके अनुसार दवाइयों का प्रयोग किया जाए तो लाभ अधिकाधिक मिलता है। मेले के तीसरे दिन आयुर्वेद चिकित्सा के विभिन्न उपक्रमो द्वारा जनसाधारण को लाभान्वित किया गया। पंचकर्म चिकित्सा में सेवाएं दे रहे डॉ. मयंक मीना ने बताया कि आज स्नेहन, स्वेदन, जानुबस्ति, कटिबस्ती द्वारा 50 से अधिक लोगों को वातव्याधियों से लाभ प्रदान किया गया। अग्निकर्म व विद्धकर्म व जलौका अवचारण द्वारा भी लोग लाभान्वित हुए। इस आयुष मेले में औषधीय पादप प्रदर्शनी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रदर्शनी, व निशुल्क क्वाथ वितरण आदि हेतु व मेले का भ्रमण हेतु, आयुर्वेद व देशी चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जानने व समझने हेतु लगभग 10500 लोगो ने शिरकत की। मेला प्रभारी प्रमोद जोनवाल व मीडिया प्रवक्ता डॉ. धर्मराज मीणा ने बताया कि आज भी आयुर्वेद के विभिन्न स्टॉल जैसे स्त्री रोग, क्षारसूत्र, अग्निकर्म, जराव्याधि, बालरोग, त्वचा रोग, आदि पर लोगो की भीड़ रही।



रामसहाय बैरवा ने कहा कि होम्योपैथी, यूनानी व सिद्धा पद्धतियों के काउंटर्स पर भी लोगों का हुजूम रहा। इनके द्वारा लगभग1 780 लोगो की चिकित्सा प्रदान की गई। आयुर्वेद की विभिन्न विधाओं द्वारा लगभग 2378 लोगों की चिकित्सा प्रदान की गई।

डॉ नरेश जोशी ने बताया कि यह मेला आमजन हेतु अत्यंत लाभदायक सिद्ध हो रहा है। डॉ. संजय ने कहा कि कल मेले का अंतिम दिन है व समापन दिवस है अतः अधिक से अधिक लोग आकर इसका लाभ प्राप्त करे।

## सूथडा में हिंदू सम्मेलन आयोजित, डीजे के साथ निकाली कलश यात्रा

खबरों की दुनिया





**बनेठा।** सूथडा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन कलश यात्रा व शोभायात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा पुरातन ऐतिहासिक शिव मंदिर में मन्त्रोच्चार के साथ गंगा पूजन के बाद शुरू हुई। जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई धर्म सभा स्थल में पहुंची। मार्ग में युवा व भक्तगण हाथों में भगवा ध्वज फहराते व धार्मिक भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे।वही ग्राम में जगह-जगह रंगोलियां सजी हुई थी तथा लोग पुष्प वर्षा कर जयकारे लगाते हुए कलशयात्रा का स्वागत कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर संत बालकानन्द महाराज हरभांवता, स्वामी विवेकानंद गिरी महाराज निवाई, सच्चिदानंद गिरी महाराज एवं संघ के सांगानेर विभाग विचार प्रमुख महेंद्र कुमार सहित गौ सेवको, वृद्धजनों, कारसेवकों प्रबुद्धजनों का स्वागत सत्कार किया गया। प्रमुख वक्ता सांगानेर विभाग प्रचार प्रमुख महेंद्र कुमार ने हिन्दुओं को वर्तमान परिस्थितियों एकजुट होकर समाज को मजबूत करने का आव्हान किया। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने सनातन धर्म की महिमा व इतिहास बताते हुए समाज जाति, ऊंच नीच और ईर्ष्या को त्यागने, एकजुट रहकर ही संस्कृति, राष्ट्र एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे बढ़कर कार्य करने की आवश्यकता जताई। सम्मेलन में वक्ताओं, साधु-संतों के आशीर्वचन व एकात्मकता मंत्र तथा प्रसादी वितरण की गई। सम्मेलन में आने पर सभी के मस्तिष्क पर तिलक लगाया गया। सम्मेलन के दौरान सभी में उत्साह व जोश भरा हुआ दिखाई दिया। इस दौरान हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति अध्यक्ष रामलाल गुर्जर, सचिव बाबू लाल जांगिड़, कोषाध्यक्ष भंवर सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान आज से

# 'मेरा गांव प्लास्टिक कचरा मुक्त गांव' को लेकर आयोजित होगी विभिन्न गतिविधियां

खबरों की दुनिया







**टोंक।** पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार गांवों को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 16 से 28 फरवरी तक जिले में प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान चलाया जाना है। इसी के तहत अभियान पूर्व तैयारियों को लेकर ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने बताया कि प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान अवधि में ग्राम पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों, आम रास्तों, संस्थानों के आस-पास प्लास्टिक कचरे को संवेदक के माध्यम से या अतिरिक्त श्रमिक/संसाधन लगाकर एकत्रित कर बोरी/बड़े थैले में भरकर आर.आर.सी. तक पहुंचना तथा एकत्रित प्लास्टिक कचरे को कबाड़ी को बेचा जायेगा। अभियान में प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, पृथक्करण, निपटान तथा पुनर्चक्रण के माध्यम से एकल उपयोग प्लास्टिक सहित प्लास्टिक कचरे का प्रबन्धन किया जायेगा।

सीईओं ने बताया कि राजकीय कार्यालयों, राजकीय/निजी विद्यालयों, अन्य स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णरूप से प्रतिबंधित, गांव में सिंगल यूज प्लास्टिक को रेडजोन बनाना। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाये कि गांव में सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों गलियों, सड़क के आस-पास आबादी भूमि में कही भी प्लास्टिक कचरा नही रहे। साथ ही गांव के बाहर सड़कों के किनारों पर प्लास्टिक कचरा पड़ा हुआ नही हो।

**प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान में होगी यह गतिविधियां**

सीईओ ने बताया कि सोमवार से शुरु होने वाले अभियान में ग्राम पंचायत पर जागरूकता चौपाल आयोजित की जायेगी। चौपाल में प्लास्टिक कचरे को घरेलू वस्तुओं या कला में रीसाइकिल करने पर विचार-विमर्श, प्लास्टिक कचरे के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देना, सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों के बारे में जागरूक करना, सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की जायेगी। इसी तरह 17 फरवरी को शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से साफ-सफाई एवं प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने, प्लास्टिक बैंक बनाना, अनुपयोगी प्लास्टिक के सदुपयोग, मेरा गांव प्लास्टिक कचरा मुक्त गांव विषय पर पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को दुकानदारों व वाणिज्यिक संस्थाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया जायेगा। 19 फरवरी को ग्राम पंचायत स्तर के राजकीय कार्यालयों में साफ-सफाई दिवस आयोजित होगा। 20 फरवरी को जल स्त्रोतों पर श्रमदान किया जायेगा। प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान में 21 व 22 फरवरी को महिला स्वयं सहायता समूह एवं जिन ग्राम पंचायतों में आवेदक द्वारा कार्य किया जा रहा है। वहां प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने का कार्य किया जायेगा। 23 फरवरी को धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर श्रमदान किया जायेगां।

24 फरवरी को सार्वजनिक स्थल-बस स्टैंड, सार्वजनिक चौराहें महत्वपूर्ण स्थल पर सामुदायिक कचरा पात्र लगाना। प्रत्येक गांव में 25 फरवरी को महिला सभा का आयोजन कर प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में बताया जायेगा। 26 फरवरी को सामाजिक व निजी आयोजनों में बर्तन बैंक के प्रोत्साहन कपड़े व जूट के थेले के उपयोग को लेकर प्रेरित किया जायेगा। 27 फरवरी को प्लास्टिक कचरे के निस्तारण एवं सोशल मीडिया पर जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। अभियान के अन्तिम दिन 28 फरवरी को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नही करने की शपथ एवं क्लीन विलेज घोषित करना एवं अभियान के दौरान बेहतर कार्य करने वालों को सम्मनित किया जायेगा।

## सीपुरा में शिव पंचायत की हुई स्थापना, निकाली भव्य कलश यात्रा

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र के गांव सीपुरा में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव पंचायत की स्थापना को लेकर हरभांवता आश्रम के संत महामंडलेश्वर बालकानंद गिरी महाराज के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया। शिव पंचायत की स्थापना को लेकर धार्मिक उत्साह व श्रद्धा के माहौल में पूरा गांव शिवमय हो गया। कलश यात्रा बालाजी मंदिर से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई नव निर्मित शिव मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने जमकर हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान जेसीबी मशीन से कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से शिव पंचायत की स्थापना की गई। आचार्यों द्वारा मंत्रोचारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान में हवन कुंड में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर देवनारायण चेची, हीरालाल मेंबर, शिवजीलाल सरपंच, गजराज सिंह, कल्याण सिंह, श्रवणलाल पटेल, कंवरपाल, हरि नारायण, रूप सिंह, शैतान सिंह, भंवर सिंह, दयाराम मीणा सीपुरा, रामावतार, देवा पटेल व छाजू पटेल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

खबरों की दुनिया
एक नजर



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव का किया जलाभिषेक

**जयपुर(खबरों की दुनिया)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सपत्नीक महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री निवास स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं प्रगति की कामना की। शर्मा ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर आरती उतारी। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास पर नियोजित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर सबके कल्याण की कामना की




### 'शिवोऽहम' कार्यक्रम में भगवान शिव का अभिषेक करते हुए की पूजा अर्चना

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को महाशिवरात्रि पर प्रज्ञा प्रवाह एवं युवा साथी संगठन द्वारा आयोजित 'शिवोऽहम' कार्यक्रम में भगवान शिव को स्मरण करते हुए सभी के मंगल की प्रार्थना की।

राज्यपाल बागडे ने इस दौरान भगवान शिव का अभिषेक करते हुए उनकी विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने बाद में कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव का पावन पर्व है। शिव कल्याण और मंगल से जुड़े हैं। उनका स्मरण ही हमें सर्व–कल्याण और शुभ के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने भगवान शिव से राष्ट्र की समृद्धि और संपन्नता के साथ सबकी खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल ने महाशिवरात्रि को भगवान शिव की साधना से जुड़ा पर्व बताते हुए कहा कि यह ध्यान, समर्पण और आंतरिक जागृति से जुड़ी हमारी संस्कृति का पावन उत्सव है। उन्होंने कहा कि शिव की अर्चना का अर्थ है, सबके कल्याण की कामना। राज्यपाल ने कार्यक्रम में शिव पूजा संग वहां आयोजित अनुष्ठान में भी भाग लिया।

## प्रभारी मंत्री खराड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से हुए रूबरू, डूंगरपुर को मिली अनेकों सौगातें

खबरों की दुनिया

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिला प्रभारी मंत्री एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने राजस्थान बजट 2026 -27 को 'संकल्प से सिद्धि, नीयत से नीति' तथा आकांक्षा से उपलब्धि की ओर अग्रसर करने वाला बजट बताया है। रविवार को डूंगरपुर सर्किट हाउस में मीडिया कर्मियों से रूबरू होते हुए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बजट को प्रदेश के चहुंमुखी दीर्घकालिक विकास के लिए विकसित राजस्थानञ्च2047 के अन्तर्गत संकल्पों को विकास स्तम्भों के रूप में स्थापित करने वाला बताया। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री सुशील कटारा, समाजसेवी अशोक पटेल रणोली, निवर्तमान सभापति नगर परिषद अमृतलाल कलासुआ, समाज सेवी हसमुख पंड्या मौजूद रहे। उन्होंने बजट में महिला, युवा, मजदूर, वंचित, किसान सहित सभी वर्गो के कल्याण के लिए लिए गए निर्णय को विकसित भारत के विजन के अनुरूप बताया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026- 27 के बजट का आकार 6 लाख 10 हजार 956 करोड रुपए हैं, जो वर्ष 2023- 24 के बजट की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है।

---

माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 'विजन 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# खनिज उद्योग के विकास के साथ खनन श्रमिकों की दशाओं में सुधार के लिए भी कार्य हो : राज्यपाल बागडे

### विकसित भारत 2047 में खनिज उद्योग की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि खनिज उद्योग के समग्र विकास के साथ सुरक्षित खनन और पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता बने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना सबका साथ सबका विकास से ही संभव है। इस आलोक में खनिज उद्योग में कार्यरत श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ उनके बीमा और अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। उन्होंने खनन उद्योग से देश की आर्थिक समृद्धि के लिए प्रभावी रणनीतियों के तहत कार्य किए जाने का भी आह्वान किया।

बागडे रविवार को एक निजी होटल में माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित 'विजन 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने खनिज उद्योग में पारंपरिक भारतीय प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक तकनीक से सुरक्षित खनन के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए सुनियोजित रूप में कार्य किया जा रहा है। भारत डिजिटल तकनीक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सामाजिक सुधार और गरीबी उन्मूलन के अंतर्गत देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की सुविधा केंद्र सरकार दे रहीं है। गरीबी रेखा से 25 करोड़ लोग ऊपर आ गए हैं। केंद्र सरकार जिस तरह से प्रयास कर रही है, उससे सभी क्षेत्रों में लोगों के विकास की राह बनी है। राज्यपाल ने माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा खनिज उद्योग के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गौपालन में तो बहुत काम हो रहा है परंतु पता नहीं क्यों नंदी की उपेक्षा है। उन्होंने महाशिवरात्रि पर नंदी संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया।

---

राज्य बजट 2026-27 पर मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

# सवाई माधोपुर को मिलेगी विकास की नई गतिः मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

### 75 करोड़ के बाढ़ सुरक्षा कार्यों, फ्लाईंग ट्रेनिंग स्कूल, रूरल वूमन बीपीओ सहित कई बड़ी घोषणाएं

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सवाई माधोपुर जिले के जिला कलक्ट्रेट सभागार में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य बजट 2026-27 की प्रमुख विशेषताओं एवं सवाई माधोपुर जिले को मिली महत्वपूर्ण घोषणाओं के बारे में जानकारी दी।

डॉ. मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों के प्रति सरकार के कर्तव्यों का दस्तावेज है, जो महिला, युवा, किसान, मजदूर एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित है।

मंत्री ने बताया कि 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये के आकार वाला यह बजट वर्ष 2023-24 की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। यह आधारभूत विकास, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, ऊर्जा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, सुशासन एवं हरित विकास जैसे 10 प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इसमें राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ प्रति व्यक्ति आय पहली बार 2 लाख रुपये से अधिक होने का अनुमान लगाया गया है।

डॉ. मीणा ने कहा कि प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए राज्य बजट में राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी का गठन करने, 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरियां देने के लक्ष्य की दिशा में भर्ती प्रक्रियाओं को गति देने, इंफ्रास्ट्रक्चर पर अब तका सबसे अधिक 3427 करोड़ पूंजीगत खर्च कर 42 हजार किलोमीटर की सड़के, आरयूबी एवं आरओबी पर 920 करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराये जाने की दृष्टि से आगामी वर्ष में 600 ट्यूबेल व 1200 हेडपम्प लगाये जाना प्रस्तावित है वहीं अमृत 2.0 के तहत 3 लाख नए पेयजन कनेक्शन जारी किए जाएंगे, शिक्षा के लिए 69 हजार करोड़ रुपये तथा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रावधान किए गए हैं। ग्रीन बजट, नमो नर्सरी, ऑक्सीजन जोन तथा रूरल महिला बीपीओ जैसे नवाचार भी इस बजट की प्रमुख विशेषताएं हैं।

### सवाई माधोपुर को मिली विकास की सौगातें

डॉ. मीणा ने कहा कि जिले में आपदा प्रबंधन के तहत जड़ावता क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा दीवार, खेतों मे मिट्टी भराव सहित अन्य कार्यों पर लगभग 75 करोड़ रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान राज्य बजट में किया गया है। साथ ही, युवाओं के लिए सवाई माधोपुर में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (एफटीओ) की स्थापना तथा प्रत्येक जिले में उद्योगों से जुड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड वोकेशनल ट्रेनिंग प्रारम्भ किया जाएगा जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेगें।

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जिले में 15 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का सुदृढ़ीकरण, खंडार क्षेत्र में 7 करोड़ रुपये की लागत से पुलियाओं का निर्माण तथा बामनवास क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। सूरवाल बांध के अतिरिक्त जल की सुरक्षित निकासी के लिए जल संसाधन विभाग एक परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगा, 20 करोड़ रुपए की लागत से मोरेल बांध नहर प्रणाली के नवीनीकरण, 20 करोड़ रुपए की लागत से मोरेल नदी पर एनिकट निर्माण तथा 8 करोड़ रुपए की लागत से खण्डार उपखंड में मानसरोवर बांध की मरम्मत सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। जिससे अतिवृष्टि से सुरक्षा एवं जलप्रबंधन के माध्यम से आसपास के गांवों में जल स्तर बढ़ेगा।

मंत्री ने बताया कि ऊर्जा विभाग की ओर से चकेरी-सवाई माधोपुर में 132 केवी जीएसएस का निर्माण किया जाएगा। कृषि एवं विपणन के विभाग द्वारा सब्जी मंडी में विकास कार्य कराए जाएंगे।

डॉ. मीणा के अनुसार, ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तीकरण की दिशा में नवाचार के तहत ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण हेतु जिला स्तर पर रूरल वूमन बीपीओ स्थापित किए जाएंगे। साथ ही 2,500 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध रूप से ओपन जिम एवं खेल मैदान विकसित किए जाएंगे।

### शहरी विकास एवं पर्यावरणीय संरक्षण

मंत्री ने बताया कि बजट के अनुसार, प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नीति, सार्वजनिक स्थलों पर ईको एवं कूलिंग शेल्टर तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए बंद दहन श्मशान भट्टियों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र जिला मुख्यालय पर मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्रकोष्ठ, जिला अस्पतालों में मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता एवं नशामुक्ति वार्ड स्थापित किए जाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल टू वर्क कार्यक्रम, स्कूल ऑन व्हील्स तथा उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

### वन्यजीव एवं पर्यटन को बढ़ावा

डॉ. मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के वन विभाग द्वारा राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से सवाई माधोपुर में वन्यजीवों के उपचार हेतु विशेष उपचार केन्द्र स्थापित किया जाएगा। पर्यटन, सांस्कृतिक संरक्षण एवं स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने साथ ही, लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए संभाग स्तर पर लोक नृत्य उत्सव आयोजित किए जाएंगे।

### अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट एवं लटिया नाला अवसंरचना विकास के कार्य

उन्होंने बताया की आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पंच गौरव योजना के तहत जिले में 150 करोड़ रूपए की लागत से अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएगी साथ ही लटिया नाले की पक्की दीवार निमार्ण एवं डिसिल्टींग हेतु 220 करोड़ रूपए का प्रावधान किया जाएगा। डॉ. मीणा ने कहा कि राज्य सरकार पिछले वर्षों की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और लगभग 90 प्रतिशत तक घोषणाओं की क्रियान्विति इसका प्रमाण है। इस वर्ष का बजट प्रदेश को विकसित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

---

## टेबलेट-लैपटॉप, साइकिल और यूनिफॉर्म वितरण योजनाओं में ई-वाउचर एवं डीबीटी से विद्यार्थियों को मिलेगा सीधा लाभ

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में शिक्षा के परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ रहा है। प्रदेश में ड्रॉप आउट रेट में उल्लेखनीय कमी एवं संक्रमण दर में सुधार राज्य सरकार के प्रयासों के परिणाम को दर्शाते हैं, तो वहीं वर्ष 2026-27 के बजट के प्रावधान गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक एवं नवाचार आधारित शिक्षा के सशक्त एवं संतुलित विजन को रेखांकित करते हैं। आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार माध्यमिक से उच्च माध्यमिक में संक्रमण दर वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 में 82.6 से बढ़कर 88.2 एवं प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में 90.7 से बढ़कर 93.8 हुई। वहीं, ड्रॉप आउट रेट प्राथमिक स्तर के लिए 7.6 से घटकर 3.6, उच्च प्राथमिक स्तर के लिए 6.8 से घटकर 3.6 एवं माध्यमिक स्तर के लिए 11.1 से घटकर 7.7 रह गई।

प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण स्थापित किए जाने की कड़ी में बजट वर्ष 2026-27 में प्रारम्भिक शिक्षा के लिए 21 हजार 646 करोड़ रुपये से अधिक तथा माध्यमिक शिक्षा के लिए 19 हजार 473 करोड़ रुपये से अधिक के प्रावधान किए गए है। इसके अन्तर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रारम्भिक शिक्षा में 13 हजार 767 करोड़ रुपये से अधिक तथा माध्यमिक शिक्षा में 2 हजार 821 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय प्रस्तावित है। इसके अलावा आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों को शिक्षण शुल्क पुनर्भरण के लिए 1 हजार 250 करोड़ रुपये तथा पीएमश्री योजना के लिए 434 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। विद्यार्थियों के लिए टेबलेट/लैपटॉप, साइकिल और यूनिफॉर्म वितरण जैसी योजनाओं को समयबद्ध एवं अधिक पारदर्शी बनाने के लिए बजट में डीबीटी एवं ई-वाउचर की घोषणा की गई है। इसके तहत कक्षा 8, 10 और 12 के चयनित मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट या लैपटॉप खरीदने के लिए ई-वाउचर के माध्यम से 20 हजार रुपये तक की सहायता एवं आगामी वर्ष 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल हेतु ई-वाउचर प्रदान किए जाएंगे। निःशुल्क साइकिल वितरण योजना में लगभग 3.90 लाख बालिकाओं को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त, बजट में कक्षा 1 से 8 तक के 40 लाख से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए डीबीटी करने की घोषणा करते हुए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### शैक्षिक सत्र 2025-26 में 80 लाख विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें वितरित

विद्यार्थियों में सीखने की निरंतरता बनाए रखने के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2025-26 में लगभग 80 लाख विद्यार्थियों को 4 करोड़ से अधिक पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया है। वहीं, बजट वर्ष 2026-27 में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 150 करोड़ रुपये एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### 400 विद्यालयों का सीएम राइज विद्यालयों में होगा क्रमोन्नयन

रोजगारपरक शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में आगामी सत्र में 500 अतिरिक्त विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए बजट 2026-27 में 51 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इसी तरह, प्रत्येक जिले में व्यावसायिक शिक्षा के लिए 'स्कूल टू वर्क' कार्यक्रम, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के बच्चों के लिए 'स्कूल ऑन व्हील्स', जयपुर और जोधपुर में विज्ञान एवं तकनीकी विषयों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए स्पेस गैलरी तथा एक हजार विद्यालयों में एआई आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग लैब्स की स्थापना की भी इस बजट में पहल की गई है।

---

प्रेस कांफ्रेंस

# बजट से बारां जिले के विकास को मिलेंगे नए पंख : नागर




खबरों की दुनिया

**बारां।** ऊर्जा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के वर्ष 2026-27 के लिए पेश किए गए बजट से प्रदेश को नई गति मिलेगी। नए बजट के माध्यम से किसानों को सम्बल प्रदान करते हुए समृद्ध बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए गए हैं।

ऊर्जा मंत्री नागर ने रविवार को बारां प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने 2 साल की अल्प अवधि में ही 22 जिलों में दिन के समय किसानों को बिजली देना प्रारंभ कर दिया है। वहीं 17 जिलों की 4 लाख हैक्टेयर भूमि में पानी पहुंचाया जा रहा है। परवन परियोजना के अवरोधों को दूर कर शीघ्र ही किसानों तक पानी पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में बारां जिले को अनेक सौगातें मिली है। इससें जिले के विकास को नए आयाम मिलेंगे। बजट में गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं समेत आमजन को भरपूर लाभ देने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। सहरिया और खैरवा जातियों को जहां डीबीटी के जरिए से करोड़ों का लाभ मिलेगा। वहीं परवन वृहद सिंचाई परियोजना के कार्यादेश जारी होने से लाखों लोगों की प्यास बुझेगी। लोकहितकारी इस बजट में पेयजल, सिंचाई, बिजली, सड़क, पुलिया, आरओबी, सौन्दर्यीकरण सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं और विकास पर खासा फोकस किया गया है।

### आरओबी को मिलेगी नई लेन

घोषित बजट में जिला मुख्यालय पर कोटा मार्ग पर रेलवे लाइन पर निर्मित आरओबी से साढ़े 11 करोड़ की लागत से स्लीप लेन बनने पर यातायात सुगम होगा। इस आरओबी के कोटा मार्ग से चारमूर्ति चौराहा की ओर उतरने से कृषि मंडी व जिला अस्पताल की ओर सीधी पहुंच में परेशानी आती थी। नई लेन निर्मित होने पर अस्पताल रोड आरओबी के माध्यम से सीधा कोटा रोड से जुड़ सकेगा।

### 33/11 केवी जीएसएस मिला

जिले में विद्युत तंत्र के और अधिक विस्तार एवं सुदृढीकरण के लिए अंता के फूंसरा में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण होगा। इसके लिए ग्राम फूंसरा में स्थित आराजी खसरा न. 975/476 में 0.25 हैक्टेयर भूमि आवंटित कर दी गई है।

### डोल तालाब को मिलेगी नई पहचान

जिला मुख्यालय के बड़े जलाशय डोल तालाब के विकास को लेकर बजट में 4 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें यहां चौपाटी, फ्लैग पोस्ट, पार्किंग आदि से यहां की छटा बिखरेगी और मांगरोल रोड पर बसी कॉलोनियों की एक बड़ी आबादी सहित जिला मुख्यालय के लोगों को मनोरंजन की सुविधा मिलेगी। साथ ही मुख्य मार्ग पर आवागमन सुगम होगा। डोल तालाब किनारे जिले का ख्यातनाम डोल मेला लगता आया है।

### खेलों को मिलेगी गति

बजट में जिले की एक बड़ी जरूरत खेल स्टेडियम को भी पूरा किया गया है। कलमण्डा में छह हेक्टेयर भूमि पर नए खेल स्टेडियम के निर्माण से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। इसमें विभिन्न खेलों के मैदान व इनडोर खेलों की सुविधा खिलाड़ियों को मिल सकेगी। साथ ही बड़े स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी संभव हो सकेगा। खेलों राजस्थान यूथ गेम्स में ग्रामपंचायत, ब्लॉक, जिला स्तर पर आयोजन किए जाएंगे।

### चिकित्सा सेवाओं में विस्तार

सड़क दुर्घटना, प्रसूति, हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों में मरीजों को त्वरित उपचार की सुविधा के लिए राज सुरक्षा योजना की घोषणा की गई है। जिसमें निकटतम चिकित्सा संस्थानों एवं उपलब्ध मेडिकल सुविधाओं की सटिक जानकारी व परामर्श दिए जाने की दृष्टि से 24 गुणा 7 क्रिटिकल केयर कमाण्ड सेन्टर की स्थापना की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123